Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -78 मंगलवार ,17 जनवरी 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

केवल मनुष्य ही
रोता हुआ जन्मता है,
शिकायतें करता हुआ जीता है
और निराश होकर मरता है।
-पं.जवाहरलाल नेहरू-

## गंगा विलास क्रूज के छपरा में फंसने की बात गलत



**छपरा,16 जनवरी 2023(ए)।** गंगा विलास क्रूज बिहार के छपरा में नहीं फंसा था। इस बात की पुष्टि क्रूज संचालक दल और जिला प्रशासन ने भी की है। गंगा नदी में वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हुआ गंगा विलास क्रूज सोमवार 16 जनवरी की दोपहर बिहार के छपरा पहुंचा था। इंटरनेट मीडिया पर यहां इसके फंसे होने की बात कही जा रही थी, जिसे क्रूज संचालक दल और जिला प्रशासन ने पूरी तरह से नकार दिया है। उनका कहना है कि क्रूज कहीं भी नहीं फंसा था।

जानकारी के अनुसार, इंटरनेट मीडिया पर फैलाई जा रही जानकारी में कहा जा रहा है कि गंगा विलास क्रूज छपरा में फंस गया था। क्रूज-ऑपरेटर्स को उसे वहां से निकालने की काफी मशक्कत करनी पड़ी। क्रूज के फंसने का पता चलते ही एसडीआरएफ की टीमें बुलवाई गईं। इसके बाद पीपा पुल को खोलने पर क्रूज आगे बढ़ा। परंतु, क्रूज संचालक दल और जिला प्रशासन ने इस बात से इन्कार किया है।

### गंगा विलास क्रूज फंसा था या नहीं ?

गंगा विलास क्रूज के संचालक दल में शामिल मुख्य जलीय सर्वेक्षक आरसी पांडेय ने बताया कि क्रूज के फंसने की बात सच नहीं है। दरअसल, नदी में पानी कम होने और किनारे पर गाद होने की वजह से इसे किनारे पर ले जाना ठीक नहीं था। उसे पहले ही किनारे से दूर रोक लिया गया। बस, इसी वजह से इसे किनारे पर नहीं ले जाया गया। बल्कि पर्यटकों को छोटी नावों के माध्यम से सुरक्षित तरीके से चिरांद तट पर पहुंचाया गया।

उन्होंने कहा कि चिरांद में डोरीगंज घाट जिला प्रशासन की ओर से पहले से ही पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयारियां की गई थीं। एसडीआरएफ की टीम भी एहतियाती तौर पर किनारे पर तैनात थी, ताकि किसी भी समय किसी अप्रिय घटना से बचा सके। उन्होंने कहा कि किनारे पर प्रशासन की ओर से पर्यटकों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यहां उन्हें पुरातत्व स्थल का भ्रमण करवाया गया।

### जिला प्रशासन ने क्या कहा ?

सारण जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से कहा गया है कि गंगा-ब्रम्हपुत्र नदी में वाराणसी डिब्रूगढ़ वाया बंगलादेश के बीच गंगा विलास इपिक क्रूज अपनी यात्रा के छठे चरण में बिहार में गंगा नदी के किनारे के जिले बक्सर, सारण, पटना, बेगुसराय, मुंगेर एवं भागलपुर में रुकेगा। आगे कहा गया है कि इसी क्रम में 16 जनवरी को क्रूज सुबह सारण जिले में पहुंचा।

जिला प्रशासन सारण के द्वारा क्रूज से यात्रा करने वाले यात्रियों का स्वागत डोरीगंज घाट पर किया गया। क्रूज के डोरीगंज घाट पर आगमन के बाद क्रूज पर सवार पर्यटकों को चिरांद पुरातत्व स्थल का भ्रमण करवाया गया। क्रूज पर सवार सैलानियों ने जिला प्रशासन के आतिथ्य पर अति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके बाद क्रूज अपने अगले गंतव्य स्थल पटना के लिए प्रस्थान कर गया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन को झटका





### चलेगा रेप का केस

**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन के खिलाफ कथित दुष्कर्म एवं धमकी देने की शिकायत के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के अदालती आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्त की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### आखिरकार सुलझ गया देश का सबसे पुराना केस



#### 72 साल बाद हो पाया फैसला

**कोलकाता ,16 जनवरी 2023(ए)।** 72 सालों में भारत के सबसे पुराने केस को पिछले हफ्ते कलकत्ता हाईकोर्ट की सबसे पुरानी पीठ ने सुलझा दिया है। बेरहामपुर बैंक से जुड़ा ये केस वर्तमान चीफ जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव का जन्म होने से भी एक दशक पहले दर्ज हुआ था। कोर्ट को इस बात से राहत मिली है कि बेरहामपुर बैंक लिमिटेड की लिक्विडेशन कार्यवाही से जुड़ी मुकदमेबाजी अब खत्म हो गई है।

### पुलिस ने किया आतंकी साजिश का बड़ा खुलासा



#### टारगेट किलिंग को देने वाले थे अंजाम; पहला निशाना बजरंग दल

**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़ी साजिश का भंडाफोड़ किया है। पाकिस्तान का आतंकी संगठन हरकत उल अंसार 27 जनवरी को बजरंग दल के किसी बड़े नेता की हत्या करने वाला था। इसके अलावा संगठन के निशाने पर शिवसेना और कांग्रेस के नेता भी थे। इस टारगेट किलिंग के लिए संगठन ने जहांगीरपुरी से गिरफ्तार आतंकियों को सुपारी दी थी। पहला टारगेट पूरा होने पर इन आतंकियों को संगठन द्वारा 50 लाख रुपये मिलने वाले थे। यह खुलासा खुद पकड़े गए आतंकियों ने पुलिस की पूछताछ में किया है।

### सीबीआई ने फतेहगढ़ साहिब में छापेमारी की




**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने सरहिंद और फतेहगढ़ साहिब में एक राइस मिलर और एफसीआई के अधिकारियों के आवास पर छापे मारे और तलाशी ली। जांच एजेंसी ने ऑपरेशन कनक में एक राइस मिलर, उसकी फर्म और जिले के आठ तकनीकी सहायकों पर मामला दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने नकदी और कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं, जिन्होंने ब्योरा देने से परहेज किया।

जिले में 150 से अधिक चावल मिलें हैं और वे एफसीआई को चावल की बारह हजार से अधिक खेप पहुंचाती हैं।

क्षेत्र के मिलर्स ने दावा किया कि डिलीवरी के समय उन्हें तकनीकी कर्मचारियों को रिश्वत के रूप में लगभग 4,500 रुपये देने के लिए मजबूर किया जाता है। उनका आरोप है कि उन्हें इसमें लिप्त होना पड़ा क्योंकि खेप को तुच्छ आधार पर खारिज किया जा सकता है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा।

### रामचरित मानस से जुड़े विवाद पर केंद्रीय मंत्री ने कहा

## यह सब वोटबैंक की राजनीति के कारण हुआ

**इंदौर ,16 जनवरी 2023(ए)।** बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की महाकाव्य 'रामचरितमानस' को लेकर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी के बाद विवाद बढ़ गया है। अब इस विवाद पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कुछ सियासी दलों की ओर से ऐसे बयान दिए जाते हैं।

### बिहार के शिक्षा मंत्री का बयान

बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने 11 जनवरी को कहा था कि मध्ययुगीन संत गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण का लोकप्रिय संस्करण रामचरितमानस और कुछ अन्य रचनाएं समाज में नफरत को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने ÷रामचरितमानस के सभी छंदों को हटाने÷ का आह्वान किया था।



### सुभाष सरकार ने चंद्रशेखर पर किया पलटवार

सुभाष सरकार ने चंद्रशेखर के बयान पर कहा, ''देखिए, यह सब वोट (बैंक) और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण होता है। कुछ राजनीतिक दल सोचते हैं कि वे अल्पसंख्यकों के वोट कैसे हासिल कर सकते हैं, लेकिन यह सब करने से क्या उन्हें अल्पसंख्यकों के वोट मिलेंगे?'' उन्होंने कहा, ''अल्पसंख्यक भी समझते हैं कि आजकल विकास की राजनीति, सबसे अच्छी राजनीति है। जो (दल) विकास करेगा, उसके साथ सब लोग रहेंगे।''

सरकार, विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान और इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने आए थे। उच्च शिक्षा जगत के मुद्दों पर केंद्रित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के कई विद्वान शामिल हुए।

## एएसपी ने मांगी 2 करोड़ की रिश्वत



### एसीबी ने हिरासत में लिया

**अजमेर ,16 जनवरी 2023(ए)।** करोड़ों रूपये की घूस मांगने के आरोप में एसओजी की एएसपी दिव्या मित्तल को एसीबी जयपुर ने हिरासत में ले लिया है। एसीबी की टीम ने एएसपी बजरंग सिंह के नेतृत्व में एआरजी अजमेर स्थित दिव्या मित्तल के निवास से उन्हें हिरासत में लिया। इससे पहले उनके निवास पर एसीबी ने छापेमारी शुरू कर दी थी। इसके अलावा दिव्या मित्तल के ऑफिस, चूरू के चिढ़ावा स्थित पैतृक निवास, उदयपुर के एक रिजॉर्ट व जयपुर के एक फ्लैट तथा उनके दलाल उदयपुर निवासी सुमित कुमार के निवास पर भी एक साथ तलाशी ली है।

### दो करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप

एएसपी बजरंग सिंह ने बताया कि दिव्या मित्तल के खिलाफ विभिन्न तीन मामलों में तलाशी चल रही है। आरोप है कि दिव्या ने एक मामले में परिवादी से दो करोड़ रुपये की रिश्वत मांगी थी। दिव्या परिवादी को परेशान भी कर रही थी। पीड़ित का यह भी कहना है कि उसे परेशान किया जा रहा था। उसे कभी बुलाया जाता है, कभी दलाल से बात कराई जाती है।

बजरंग सिंह ने बताया कि दिव्या मित्तल ने दो करोड़ के बजाय एक करोड़ में मामला रफा-दफा करने के लिए दलाल के माध्यम से पहले 25 लाख रुपये देने फिर बाकी 25 लाख की रकम बाद में देने के लिए रजामंदी की। दलाल सुमित कुमार उदयपुर का रहने वाला है। बजरंग सिंह ने बताया कि दिव्या के खिलाफ अन्य मामले भी हैं, इसलिए इस प्रकरण के साथ अब एक साथ सभी मामलों में भी उनके सभी ठिकानों पर जांच एक साथ की जा रही है।

पीड़ित ने एसीबी जयपुर को बताया था कि एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में उसका एफआईआर में नाम नहीं है, सिर्फ उसकी एक कंपनी है। इसके बावजूद एसओजी की दिव्या मित्तल उन्हें परेशान कर रही है और उनसे घूस के दो करोड़ रुपये की मांग कर उन्हें दलाल के पास भेजा जा रहा है।

## चार्जशीट के बाद डिफॉल्ट जमानत की जा सकती है रद्द : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि चार्जशीट दाखिल करने पर आरोपी को दी गई डिफॉल्ट जमानत गुण-दोष के आधार पर रद्द की जा सकती है। न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के चाचा पूर्व मंत्री वाई.एस. विवेकानंद रेड्डी की 15 मार्च, 2019 को हुई हत्या के मामले में इरा गांगी रेड्डी के जमानत को निरस्त करने की सीबीआई की याचिका पर गुण दोष के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश दिया।



पीठ में न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार ने कहा कि जब आरोपी के खिलाफ एक मजबूत मामला बनाया जाता है, तो केवल चार्जशीट (समय सीमा के भीतर) दाखिल नहीं करना पर्याप्त नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने मामले को उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया, ताकि वह कानून के अनुसार और गुण-दोष के आधार पर इस पर नए सिरे से विचार कर सके।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला, जिसमें कहा गया है कि डिफॉल्ट जमानत को मेरिट के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता है जांच एजेंसियों की सुस्ती को बढ़ावा देगा। शीर्ष अदालत इस बात पर विचार कर रही थी कि क्या चार्जशीट पेश करने के बाद जमानत रद्द की जा सकती है, जबकि 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं करने पर जमानत दी गई थी। पीठ ने कहा कि केवल चार्जशीट दाखिल करने से रद्दीकरण नहीं होगा जब तक कि एक मजबूत मामला नहीं बनता है कि अभियुक्त ने एक गैर-जमानती अपराध किया है।

## बजट में मध्यम वर्ग को मिल सकती है राहत

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिए ये संकेत

**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** एक फरवरी को बजट आएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट का ऐलान करेंगी। सवाल यह है कि, बजट में मध्यम वर्ग को इस महंगाई से कुछ राहत मिल सकती है। बजट पेश होने से पहले मीडिल क्लास को राहत देने के लिए वित्त मंत्री कुछ ऐसे संकेत दिए हैं, जिससे मध्यम वर्ग खुश है।



यह बजट मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट होगा। देश का हर आदमी नए बजट का इंतजार कर रहा है। और यह उम्मीद कर रहा है इस बजट से उसे इस बढ़ती महंगाई से कुछ राहत मिले। खासतौर पर मिडिल क्लास या मध्यम वर्ग के लोगों की काफी उम्मीदें हैं। एक समारोह में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहाकि, मैं मध्यम वर्ग से संबंध रखती हूं। और मध्यम वर्ग की कठिनाईयों को समझती हूं। मोदी सरकार ने अब तक के किसी भी बजट में मध्यम वर्ग पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया है।

केंद्रीय बजट 2023 पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि, वह मिडिल क्लास के दबाव से वाकिफ हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार आयकर सीमा बढ़ाएगी और मध्यम वर्ग के टैक्सपेयर्स के अलावा अन्य को राहत देगी। ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा दे रही है सरकारनिर्मला सीतारमण ने कहा- सरकार ने ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए 27 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क विकसित करने और 100 स्मार्ट सिटी बनाने जैसे कई कदम उठाए हैं।

## नितिन गडकरी को बम की धमकी देने वाला कॉलर निकला दोहरे हत्याकांड का अपराधी

**बेलगावी ,16 जनवरी 2023 (ए)।** कर्नाटक पुलिस केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले सजायाफ्ता कैदी को अदालत के समक्ष पेश करने की तैयारी कर रही है और आगे की जांच के लिए उसे अपनी हिरासत में लेने की योजना बना रही है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि आरोपी जयेश उर्फ शाकिर उर्फ साहिर ने बताया कि उसे 19 साल की उम्र में दक्षिण कन्नड़ जिले में एक मां और उसके बेटे की हत्या का दोषी ठहराया गया था। उसने अदालत से भागने का प्रयास किया और अधिवक्ताओं और जनता ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया।



आरोपियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के ऑफिस में फोन कर 100 करोड़ रुपये की मांग की थी। उसने धमकी दी कि अगर भुगतान नहीं किया गया तो वह नितिन गडकरी के साथ पूरे कार्यालय को उड़ा देगा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाद में, कॉल को बेलगावी की हिंडाल्गा जेल से ट्रैक किया गया। पुलिस ने आरोपी को ट्रेस किया। जांच से पता चला कि हालांकि जेल में एक जैमर लगाया गया था, लेकिन यह केवल 2जी जैमर था और 4जी मोबाइल नेटवर्क में प्रभावी नहीं था। जांच से पता चला है कि कैदी राजनेताओं को धमकी भरे फोन कर रहे हैं। अधिकारियों ने लेटेस्ट जैमर के लिए अनुरोध किया है।

### 200 करोड़ रुपये मनी लॉन्ड्रिंग मामला

## जैकलीन की विदेश यात्रा की याचिका पर दिल्ली की अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली ,16 जनवरी 2023 (ए)।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की विदेश यात्रा की अनुमति मांगने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने पेशेवर प्रतिबद्धता के लिए जनवरी के अंतिम सप्ताह में दुबई की यात्रा करने के फर्नांडीज के आवेदन पर सोमवार को ईडी से जवाब मांगा। अदालत को 25 जनवरी, 2023 को आवेदन पर दलीलें सुननी हैं।

सोमवार को कार्यवाही के दौरान जैकलीन कोर्ट में पेश हुईं। वह इस मामले में नियमित जमानत पर हैं।

अदालत ने पिंकी ईरानी, (मामले में सह-आरोपी) की दलीलें भी सुनीं, जो आरोप तय करने पर बहस के बिंदु पर थीं, जिसमें उन्होंने अपने वकील के माध्यम से ईडी चार्जशीट में लगाए गए सभी आरोपों से इनकार किया।

ईडी सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडीज की जांच कर रही है। जैकलीन फर्नांडीज इससे पहले कथित कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पूछताछ के लिए जांच एजेंसी के सामने पेश हुई थीं।




आवेदन में कहा गया है, ÷जैकलीन फर्नांडीज 2009 से भारत में रहने वाली एक श्रीलंकाई नागरिक हैं और बॉलीवुड बिरादरी से ताल्लुक रखती हैं और बॉलीवुड उद्योग में एक अच्छा नाम रखती हैं।÷

इससे पहले, उन्होंने कहा कि एक प्रसिद्ध फिल्म होने के नाते अभिनेत्री को इवेंट्स, प्रेस कॉन्फ्रेंस, रिहर्सल और इवेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

आवेदक हमेशा प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष जांच में शामिल हुआ है और देश के कानून का पालन करते हुए सभी अदालती कार्यवाहियों में उपस्थित रहता है। उसने पहले कहा था कि वह ऐसी किसी भी शर्त का पालन करने के लिए तैयार और तैयार है जिसे यह न्यायालय लागू करने के लिए उपयुक्त समझे यदि मांगी गई प्रार्थना कानून के अनुसार दी जाती है।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने सोमवार को सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले की जांच के सिलसिले में पिंकी के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दायर किया।

दिल्ली पुलिस के अनुसार मुंबई की रहने वाली पिंकी ईरानी चंद्रशेखर की करीबी बताई जाती हैं और उन्होंने उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से मिलवाया था।

ताजा पूरक में जैकलीन फर्नांडीज, नोरा फतेही आदि सहित विभिन्न बयानों की रिकॉर्डिंग के माध्यम से हुई प्रगति का भी उल्लेख किया गया है।

ईडी का यह मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दायर एक प्राथमिकी पर आधारित है, जिस पर रेलिगेयर एंटरप्राइजेज के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह को धोखा देने और जबरन वसूली करने का आरोप है, जिन्हें अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया गया था।

## प्रियंका गांधी ने सरकार बनने पर महिलाओं को आर्थिक मदद देने का किया ऐलान

**बेंगलुरु ,16 जनवरी 2023 (ए)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को महिला सम्मेलन में हिस्सा लेने कर्नाटक की राजधानी पहुंचीं। उनकी अगवानी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने एयरपोर्ट पर की। हवाई अड्डा परिसर में एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी अपने नेता को एक विशाल सेब और फूलों की माला पहनाकर उनका सम्मान किया और उनकी जय-जयकार की।



कर्नाटक कांग्रेस सरकार के साथ-साथ पार्टी के कार्यक्रमों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को शामिल करके भाजपा के हमले का मुकाबला करना चाहती है। कांग्रेस प्रियंका के कार्यक्रम के जरिए पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरना चाहती हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि कर्नाटक के लिए पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रियंका गांधी की तरफ से कोई बड़ा ऐलान होगा। पार्टी ने उनके स्वागत के लिए पूरे बेंगलुरु में बड़े और ऊंचे कटआउट और बैनर लगाए थे। नेता ना नायकी (मैं नेता हूं) नामक महिलाओं के लिए इस सम्मेलन के साथ गति प्राप्त करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## संपादकीय

### केजरीवाल और केसीआर कांग्रेस को पसंद नहीं

कांग्रेस पार्टी ने कमाल किया है। भारत जोड़ो यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने के लिए उसने देश की 21 पार्टियों को न्योता दिया है लेकिन आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र संघ को नहीं बुलाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी 21 पार्टियों के अध्यक्षों को चिट्ठी लिखी है। सोचें, खड़गे को संसदीय कामकाज के दौरान आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति के साथ राजनीकि करने में कोई दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने पिछले शीतकालीन सत्र में दो बार विपक्षी पार्टियों की बैठक बुलाई, जिसमें इन दोनों पार्टियों के नेता शामिल हुए। संसद में सरकार को घेरने में इन दोनों पार्टियों ने कांग्रेस के साथ सहयोग किया। लेकिन कश्मीर के श्रीनगर में 30 जनवरी को यात्रा के समापन कार्यक्रम का न्योता इनको नहीं दिया गया है।

इससे पहले भी राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही यात्रा जब दिल्ली पहुंचने वाली थी तब सभी विपक्षी पार्टियों को चिट्ठी लिख कर बुलाया गया था उसमें भी आप नेता अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी नहीं लिखी गई थी। यह अलग बात है कि कोई भी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बुलावे पर उसकी यात्रा मे शामिल नहीं हुई। इसके बाद उत्तर प्रदेश में जब यात्रा पहुंची तो वहां की विपक्षी पार्टियों को न्योता दिया गया लेकिन उनमें से भी कोई नेता यात्रा में शामिल नहीं हुआ। अब तीसरी बार विपक्षी पार्टियों को न्योता दिया गया है।

कांग्रेस ने कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने समान विचारधारा वाली पार्टियों को न्योता दिया है। तो सवाल है कि क्या अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति को कांग्रेस समान विचारधारा की पार्टी नहीं मानती है? अगर ये समान विचार वाली पार्टियां नहीं हैं तो संसद में इनके साथ कैसे समन्वय और सहयोग बनता है? एक सवाल यह भी है कि किस आधार पर कांग्रेस इन दोनों को समान विचार वाली पार्टी नहीं मान रही है? केजरीवाल की तरह राहुल गांधी भी मंदिर मंदिर जाते हैं और उनकी तरह मुफ्त में बिजली, पानी की घोषणा कांग्रेस भी करती है। केजरीवाल और केसीआर दोनों की पार्टी भी भाजपा के खिलाफ बोलते और उससे लड़ते हैं। सो, यह विचारधारा का मामला है।

असलियत यह है कि जहां भी कांग्रेस का अपना हित सीधे किसी पार्टी से टकरा रहा है वह पार्टी कांग्रेस को पसंद नहीं है। जहां पार्टी पहले ही अपने हितों का सरेंडर कर चुकी है वहां की पार्टियों के साथ काम करने में कांग्रेस को दिक्कत नहीं है। आम आदमी पार्टी सीधे कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रही है। उसने दिल्ली कांग्रेस के हाथ से छीन ली, गोवा और गुजरात में कांग्रेस को नुकसान किया और इस साल होने वाले चुनाव में राजस्थान सहित कुछ और राज्यों में कांग्रेस को नुकसान कर सकती है। इसलिए वह कांग्रेस को पसंद नहीं है। तेलंगाना का निर्माण कांग्रेस ने कराया था और वह वहां वापसी की उम्मीद कर रही है, जिसके लिए उसको सीधे केसीआर की पार्टी से टकराना है। ऊपर से केसीआर कांग्रेस को छोड़ कर मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सोचें, अगर भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने का कांग्रेस का यह पैमाना होगा तो कैसे गठबंधन बनेगा और काम करेगा?

# आपदा जोखिम की जड़ें कहीं,अंकुर कहीं

अनियंत्रित शहरीकरण, भूकंपीय क्षेत्रों में निर्माण, तेजी से कटाव की गतिविधि ने इस क्षेत्र में गंभीर बाढ़ ला दी है। सरकार को इस प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए कार्यप्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। नदियों को आपस में जोड़ने जैसी पहलों का स्वागत किया जाता है और इन्हें पूरी गति से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ड्रेनेज सिस्टम को उचित और शहरी आवास योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। तैयारियों के संदर्भ में, मौसम पूर्वानुमान को मजबूत और टिकाऊ बनाए जाने की जरूरत है, विकास की पहल को और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आपदाओं की अनिश्चितता और तत्परता को ध्यान में रखते हुए, लचीलेपन को मजबूत करने के लिए तंत्र बनाने की तत्काल आवश्यकता है। बेशक सरकार इस दिशा में काम कर रही है लेकिन सामुदायिक भागीदारी की भी आवश्यकता है।

प्राकृतिक आपदाएँ एक प्रमुख कारण हैं जो किसी राष्ट्र के जीवन और संपत्ति पर भारी बोझ का कारण बनते हैं। इसलिए आपदा के प्रभाव, उसके शमन और आपदा के प्रभावों को कम करने के लिए आवश्यक अन्य गतिविधियों के अध्ययन पर तत्काल ध्यान देना अनिवार्य है। आपदाएं मानव निर्मित और प्राकृतिक जन्म दोनों हो सकती हैं। मानव निर्मित आपदाओं में दंगे, युद्ध, परमाणु खतरे, खतरनाक अपशिष्ट आदि शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाएं बाढ़, भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, बादल फटने और आदि जैसे जलवायु कारकों और रोग, महामारी आदि जैसे जैविक कारकों के कारण हो सकती हैं। कुछ आपदाएँ सीधे प्रभावित करती हैं। और तत्काल प्रभाव पड़ता है और अन्य का दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। किसी भी प्रकार की आपदा से हमेशा मानव जीवन और राज्य संपत्ति का भारी नुकसान होता है। जबकि कई आपदाओं में संपत्ति के विनाश को टालना संभव नहीं है लेकिन किसी भी आपदा में मानव जीवन को बचाया जा सकता है।

आपदा घटनाओं की एक श्रृंखला है जो बड़े पैमाने पर जीवन, आजीविका और संपत्ति का विनाश करती है। जब आपदाएं अपरिहार्य हो जाती हैं, तो उनके जोखिम को कम करने की तैयारी के बारे में सोचना अनिवार्य हो जाता है। जैसा कि आम कहावत है, ÷रोकथाम इलाज से बेहतर है÷, यह न केवल जरूरी है बल्कि लचीलापन बनाने के लिए लाभदायक भी है, क्योंकि यह कम विनाश लाता है और यह आपदा के बाद राहत और पुनर्वास की तुलना में सस्ता है। आपदाएं मानव जाति के लिए एक विचार नहीं है। उन्होंने बाढ़, भूकंप, सुनामी, चक्रवात, कुछ नामों के लिए हर संभव रूप में अपनी नींव स्थापित की है। चाहे वह चीनी बाढ़ हो या फ्लोरिडा के चक्रवात, आपदा के निशान सीमाओं के पार हैं।

इस संदर्भ में, मानव जाति के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह प्रतिक्रिया से रोकथाम की ओर परिवर्तन करे। पहले, तकनीकी बाधाओं के कारण तैयारी स्थानीय समुदायों के पारंपरिक ज्ञान तक सीमित थी जिसे अब वर्तमान पीढ़ी के नवाचार और अनुसंधान के साथ ठीक से एकीकृत करने की आवश्यकता है। आपदा तैयारी के इस तंत्र को विश्व स्तर पर लिया गया है और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय जैसे संस्थान चर्चाओं और विचार-विमर्श के मंच हैं जहां राष्ट्रों को नागरिक समाज संगठन और स्थानीय समुदाय के सहयोग से आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए तंत्र तैयार करने की आवश्यकता है।

व्यापक आम सहमति के माध्यम से, विभिन्न राष्ट्रों की सरकारों को इन चार कार्यक्षेत्रों के माध्यम से तैयारियों के विचार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है÷ पहले ट्रांसपोंडर के लिए चल रहा प्रशिक्षण, विनाश योजनाओं में सामुदायिक भागीदारी, बेहतर जोखिम मूल्यांकन, सरकार के प्रतिक्रिया समय को कम करना। सूची संपूर्ण नहीं है और विभिन्न राष्ट्रों की पारिस्थितिकी के अनुसार इसका विस्तार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, इंडोनेशिया में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के प्रति उच्च भेद्यता है। तैयारियों के स्तर के अनुसार जो पहले से मौजूद है, देश को अन्य कार्यक्षेत्रों में विस्तार करने की आवश्यकता है।




इसकी पुष्टि इस तथ्य से की जा सकती है कि फिलीपींस और भारत जैसे देशों ने चक्रवातों से निपटने के लिए एक बेहतर तंत्र स्थापित किया है, जो इन क्षेत्रों में लगातार घटनाएं होती रहती हैं। टाइफून हागुपिट जो फिलीपींस से टकराया था, मौसम का सबसे मजबूत था, लेकिन बेहतर तैयारी के उपायों के साथ मृत्यु दर में भारी कमी आई है। लगभग, 2,27,000 लोगों को तुरंत आपातकालीन आश्रयों में पहुंचाया गया। मानव संसाधन जो हर अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोपरि है, उसे पहले ध्यान देने की जरूरत है। पहले उत्तरदाताओं को निवारक उपाय करने, निकासी मार्गों की योजना बनाने, पहुंच में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है आपातकालीन आश्रयों और आपातकालीन योजनाओं के लिए उनमें से कुछ हैं।

यहां सरकार की भूमिका सर्वोत्कृष्ट हो जाती है। जोखिम मूल्यांकन से लेकर तैयारियों तक, पूरी प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक नियोजित करने की आवश्यकता है। यहां, स्थानीय समुदाय के ज्ञान और नागरिक समाज संगठन की भागीदारी का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। सर्वोत्तम प्रथाओं को विश्व स्तर पर साझा करने की आवश्यकता है और दृष्टिकोण समन्वयात्मक होना चाहिए। ह्योगो फ्रेमवर्क के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प द्वारा पारित कार्रवाई, लचीलापन बनाने के लिए एक एकीकृत योजना प्रदान करती है। एचएफए कार्रवाई के लिए पांच प्राथमिकताओं की रूपरेखा तैयार करता है, और आपदा लचीलापन प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और व्यावहारिक साधन प्रदान करता है। इसे कई सरकारों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने स्वीकार किया है।

विकासशील अर्थव्यवस्था जैसे भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है और विकास जोरों पर है, आपदाओं की संवेदनशीलता कई गुना बढ़ जाती है। इसके शीर्ष पर, भारत की एक बहुत लंबी तटरेखा है, लगभग 7,500 किमी जो हर समय चक्रवातों के प्रति संवेदनशील रहती है। उत्तराखंड बाढ़, जम्मू-कश्मीर बाढ़, पूर्वी तट पर फैलिन और हुदहुद चक्रवात कुछ हैं, हाल के दिनों में देश ने आपदाएं देखी हैं। उड़ीसा चक्रवात और दुनिया भर में विभिन्न अन्य आपदाओं में भारी तबाही से संकेत लेते हुए, सरकार ने काफी हद तक संस्थागत तंत्र को मजबूत किया है। सरकार ने 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम बनाया जो विभिन्न स्तरों पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना करता है।

इसके बाद, राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना को बहु-खतरा जोखिम प्रबंधन में चक्रवात पूर्वानुमान, ट्रैकिंग और चेतावनी प्रणाली और क्षमता निर्माण के उन्नयन के उद्देश्य से अनुमोदित किया गया था। इसमें कोई संदेह नहीं है, उद्देश्य पूरा हो गया है, क्योंकि राज्य तंत्र लगभग दस लाख लोगों को आपातकालीन आश्रयों में सुरक्षित निकालने में सफल रहा है, जिससे साइक्लोन फीलिन के मद्देनजर मृत्यु दर 50 से कम हो गई है। यह सब, राष्ट्रीय चक्रवात जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के तहत संयुक्त प्रयास और समुदाय की भागीदारी के माध्यम से आपदा न्यूनीकरण और पुनर्प्राप्ति के लिए वैश्विक सुविधा के माध्यम से संभव हुआ।

वैश्विक स्तर पर, भारत भारत सरकार - यूएनडीपी आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यक्रम के तहत ज्ञान, अनुभव और संसाधनों को साझा करता रहा है। इसी तरह, जोखिम में कमी और प्रबंधन में बेहतर तैयारी के लिए समग्र रणनीति विकसित करने के लिए अन्य साझेदारी पर काम किया जा रहा है। हालांकि, यह उद्धृत किया जा सकता है कि, देश ने चक्रवातों के प्रबंधन में अच्छा प्रदर्शन किया है, नुकसान को काफी हद तक कम किया है, इसने अन्य आपदाओं, मुख्य रूप से बाढ़ से निपटने में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। बाढ़ बहुत बार-बार आती है और उचित योजना की कमी बहुत विनाशकारी मोड़ ले सकती है। उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर की बाढ़ में यह पहले ही देखा जा चुका है, जहां राज्य तंत्र मौजूद था आपदा की भविष्यवाणी करने में असहाय और यह केवल एनडीआरएफ और सेना थी जो आपदा के बाद पीड़ितों को राहत पहुंचाती थी।

अनियंत्रित शहरीकरण, भूकंपीय क्षेत्रों में निर्माण, तेजी से कटाव की गतिविधि ने इस क्षेत्र में गंभीर बाढ़ ला दी है। सरकार को इस प्रक्रिया को समाप्त करने के लिए कार्यप्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। नदियों को आपस में जोड़ने जैसी पहलों का स्वागत किया जाता है और इन्हें पूरी गति से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ड्रेनेज सिस्टम को उचित और शहरी आवास योजनाओं के अनुरूप होना चाहिए। तैयारियों के संदर्भ में, मौसम पूर्वानुमान को मजबूत और टिकाऊ बनाए जाने की जरूरत है, विकास की पहल को प्रोत्साहित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। आपदाओं की अनिश्चितता और तत्परता को ध्यान में रखते हुए, लचीलेपन को मजबूत करने के लिए तंत्र बनाने की तत्काल आवश्यकता है। बेशक सरकार इस दिशा में काम कर रही है लेकिन सामुदायिक भागीदारी की भी आवश्यकता है।

अंत में, यह विचार करने की आवश्यकता है कि आपदा न केवल वर्षों पहले घटी घटनाओं का परिणाम है बल्कि यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बड़े आयाम शामिल हैं और यह जलवायु परिवर्तन का आयाम है। वैश्विक स्तर पर, ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल, ग्रीन क्लाइमेट फंड, यूएनएफसीसीसी जैसी कई पहल की गई हैं, लेकिन आम सहमति की कमी के कारण इस संबंध में बहुत कम किया गया है। आपदा जोखिम और प्रबंधन की तैयारी देखी जा सकती है, आपदा की भविष्यवाणी के बाद एक तत्काल ऑपरेशन के रूप में लेकिन यह भी समझने की जरूरत है कि हम इसकी जड़ें कहीं और अंकुरित कर रहे होंगे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**प्रियंका सौरभ**
हिसार
हरियाणा

## सर्दी का मौसम

सर्दी का है मौसम आया।
आसमान में बादल छाया।
रात लगी है पर फैलाने,
शाम हुई कि कोहरा छाया।
सर्दी का मौसम है आया।।
सूरज ने जब धूप चमकाई।
देह तपी, धरती गरमाई।
स्वेटर मफलर अब लगें सही,
मूंगफली मिल सबने खाया।
सर्दी का है मौसम आया।।
बूंदों की बौछार पड़ी जब।
ठिठुरन, गलन बढ़ी तब-तब।
भाग गए सब पतले चादर,
बिस्तर पर है कम्बल आया।
सर्दी का है मौसम आया।।
खेल-कूद व लिखना-पढ़ना।
मम्मी कहती घर में रहना।
बच्चे घर में कैद हुए हैं,
जाड़े ने अब बहुत सताया।
सर्दी का है मौसम आया।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**आसिया फ़ारूक़ी**
फतेहपुर
उत्तरप्रदेश

## सियान के धियान

जांगर सिराय के बाद भी
मुंह हर चलथे,
डोकरी डोकरा मन का करहि कहिके
जवान मन रोजे छलथें,
फेर वो चलत मुंह के
कतका कीमत हे
वोला बिन सियान घर के मन जानथे,
सियान नई रहे म
सियान के कमी ल मानथे,
खटिया म पचत सियान भी ह
घर म उजास अउ वजन बनाय रहथे,
अपन सगरी जिनगी के
निचोड़ अउ अनुभव ल
घर म रह रह घेरी बेरी बगराय रहथे,
सियान बिना घर के लोगन मन अजाद हो जाथे,
पता नई चलय कब कब का होइस
जल्दी घर ह बरबाद हो जाथे,
बोझा झन समझो अपन घर के सियान ल,
जेह अइसन सोचत हे
समझा दव वो नदान ल,
ए बात के जरूर राखौ ग धियान,
आघु जा के खुद भी बन जाना हे सियान।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़
छत्तीसगढ़

# सभी राजनीतिक दलों में 9 राज्यों के चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महामंथन का दौर शुरू

**हर राजनीतिक दलों द्वारा जीत का सेहरा बांधने मिशन 2023 और 2024 पर रणनीतिक रोडमैप बनाने पर महामंथन शुरू**

वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े प्रसिद्ध लोकतंत्र भारत में हमें करीब-करीब हर वर्ष लोकतंत्र का महापर्व मनाने का अवसर प्राप्त हो ही जाता है, क्योंकि 140 करोड़ के इस विशाल जनसंख्यिकितंत्र में 28 राज्यों और आम लोकसभा चुनाव को उत्सवपर्व के रूप में बड़ी शिद्दत के साथ मनाया जाता है और लोकतंत्र रूपी यज्ञ में वोट रुपी आहुति हर भारतीय नागरिक का अधिकार होता है, परंतु दुख और हैरानी की बात है कि कई स्थानों राज्यों में 50 फ़ीसदी केआसपास तो कई राज्यों में 75 फ़ीसदी के आसपास मतदान होता है। जबकि मेरा मानना है कि सरकारों को ऐसा जनजागरण अभियान या सभी स्कीमों के हितधारकों पर मतदान अनिवार्य शर्तों के रूप में ज़रूर लागू कर मतदान करने वालों को प्रमाणपत्र जारी करना चाहिए जो हर संबंधितसर्टिफिकेट के लिए यह प्रमाणपत्र आवश्यक शर्त हो। चूंकि भारत में 2023 में 9 राज्यों और 2024 में आम लोकसभा चुनाव होने वाले हैं और एक फ़रवरी 2023 को केंद्रीय आम बजट भी आ रहा है इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, हर राजनीतिक दलों द्वारा जीत का सेहरा बांधने मिशन 2023 और 2024 पररणनीतिक रोडमैप बनानें पर महामंथन शुरू हो गया है।

साथियों बात अगर हम अनेक दलों द्वारा अपने दूरगामी रणनीतियों पर कार्य और महामंथन की करें तो सबसे पुरानी प्रमुख विपक्षी पार्टी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन,अभी-अभी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त पार्टी का पानी बिजली शिक्षा छूट अभियान, सत्ताधारी पार्टी द्वारा अभी 16-17 ज़नवरी 2023 को महामंथन कार्यकारिणी की राष्ट्रीय बैठक, यूपी पर राज कर चुकी महिला नेता का एकला चलो का 15 ज़नवरी 2023 का बयान सहित अनेकों पार्टियों का जोड़ तोड़ गणित, विपक्षी एकता का फंडा, विपक्ष में पीएम बनाने के चेहरे सबका सबको जोड़ो अभियान सहित अनेको महामंत्रों पर जोर जुगाड़ गणित शुरू है। हालांकि जनता के बहुत बड़े हिस्से की नज़र इस पर नहीं है क्योंकि वह अपनी रोजी-रोटी में मस्त हैं परंतु अनेक हितधारकों की पूरी पूरी नजर लगी हुई है कि किस पार्टी के आने से उनका फायदा होगा।




साथियों बात अगर हम सत्ताधारी पार्टी के 16-17 ज़नवरी 2023 की कार्यकारिणी बैठक महामंथन की करें तो, बैठक इस साल होने वाले 9 राज्यों और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा तय करेगी। पीएम का संबोधन चुनाव का रोडमैप सेट कर देगा। चुनाव में पार्टी किन मुद्दों के साथ आगे बढ़ने वाली है, कुछ हद तक पीएम के भाषण में उसकी झलक मिल जाएगी, इसके अलावा कार्यकारिणी की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष के एक्सटेंशन पर औपचारिक रूप से मुहर लग जायेगी। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में बैठक शाम 4 बजे शुरू होगी, जिसका शुभारंभ पीएम और पार्टी अध्यक्ष ने किया। लेकिन, उससे पहले सुबह 10 बजे से भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीयपदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, लेकिन उससे ठीक पहले 3 बजे से पीएम का दिल्ली के पटेल चौक से रोड शो शुरू हुआ जो कांवेशन सेन्टर पर समाप्त हुआ। इस दौरान दिल्ली के हजारों लोग सड़क पर पीएम का अभिनंदन किए। दरअसल, गुजरात जीत के बाद ये पहली कार्यकरिणी है।बैठक का 8 सूत्री एजेंडा,चुनावी राज्यसंगठनात्मक विषय, समसामयिक ज्वलंत मुद्दों पर मंथन अब तक की प्रमुख गतिविधियों और कार्यक्रमों की चर्चा पिछली कार्यवाही की पुष्टि, प्रस्तावों पर चर्चा,आगामी कार्यक्रम अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कार्यक्रम इससे प्रतीत होता है क्या 2023 के 9 राज्य और 2024 के आम चुनाव पर फोकस रहेगा।

साथियों बात अगर हम प्रमुख विपक्षी पार्टी की रणनीति की करें तो, नए फेज की भारत जोड़ो यात्रा काफी अहम भी है. ऐसा इसलिए क्योंकि ये यात्रा पहुंच रही है उत्तर प्रदेश. वो उत्तर प्रदेश जहां से दिल्ली की गद्दी का रास्ता निकलता है। सितंबर में कन्याकुमारी से इस यात्रा की शुरुआत कांग्रेस के एक कार्यक्रम के तौर पर हुई थी, लेकिन उत्तर भारत में प्रवेश के साथ ही प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल इसे व्यापक विपक्ष का रंग देने की एक कोशिश मानने लगे हैं। देश को जोड़ने के इरादे के साथ 7 सितंबर को शुरू हुई यात्रा के दौरान कन्याकुमारी में कश्मीर तक की दूरी कवर की जानी है और इसके अपने मुकाम पर पहुंचने से पहले से जम्मू-कश्मीर में पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के इसमें शामिल होने की पुष्टि हो चुकी है। इसका मतलब है कि जैसे ही यह यात्रा अपने अंतिम गंतव्य श्रीनगर के करीब पहुंचेगी, जम्मू-कश्मीर राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके तीन नेता इसमें शामिल हो जाएंगे। युवा नेता पूर्व अध्यक्ष की भारत जोड़ो यात्रा के उत्तर भारत- जहां कई राज्यों में पार्टी का प्रभाव लगातार घट रहा है, में प्रवेश करने के साथ ही 3,500 किलोमीटर की इस अखिल भारतीय यात्रा में एक चारित्रिक बदलाव नजर आने लगा है जो न कहीं ना कहीं 2023 में 9 राज्यों और लोकसभा चुनाव 2024 पर प्रभाव के महमंथन के संकेत हैं।

साथियों बात अगर हम 8 दिसंबर 2023 के बाद राष्ट्रीय पार्टी बनी नई पार्टी की करें तो, पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की मीटिंग हुई थी, इस बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया था कि राष्ट्रीय स्तरपर पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। देश के सभी राज्यों में संगठन की जिम्मेदारी नामित नेता संभालेंगे, उन राज्यों पर खास तौर पर ध्यान रहेगा जहां पर चुनाव होने हैं। अगले छह महीने में देश के सभी हिस्सों में संगठन निर्माण पर फोकस रहेगा।जो कहीं ना कहीं 23-24 में होने वाले चुनाव की ओर इशारा करते हैं। राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए हैं। पार्टी नेता 2024 के लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न राज्यों में अगले साल होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति बना रहे हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे पर्यावरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि महामंथन, सभी राजनीतिक दलों में 9 राज्यों के चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महामंथन का दौर शुरू है। हर राजनीतिक दलों द्वारा जीत का सेहरा बांधने मिशन 2023 और 2024 पर रणनीतिक रोड मैप बनानें पर महामंथन शुरू है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया
महाराष्ट्र

# आधुनिक आदतें: खानपान का गलत प्रभाव

समय की कमी कहें या आधुनिकता का तकाजा! मुँह में लगे इस स्वाद का अंदाज बच्चे तो बच्चे बड़े लोग भी बर्गर, पिज़्ज़ा, पास्ता जैसे स्वाद के दीवाने हो गए हैं। कभी-कभी इस प्रकार के भोजन में कोई बुराई नहीं होती है पर अति से ज्यादा इसका प्रयोग करना खतरे की घंटी होती है। स्वास्थ्य के दृष्टि से बनाएं गए यह सभी प्रकार के खाना पोषण की दृष्टि से उचित नहीं है, इसमें ट्रांसफैट ज्यादा होता है जिसके कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और मैदे से बनी होने के कारण इसमें फाइबर की मात्रा ना के बराबर होती है इससे कब्ज जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें कृत्रिम रंगों की मिलावट होती है जिसकी वजह से एलर्जी वगैरह भी हो सकती है इसमें अजीनोमोटो, सोडियम ग्लूटामैट जैसे तत्व होते हैं जो ग्रोथ के लिए नुकसानदायक होते हैं। दूसरी गलत आदत चुइंगम और चॉकलेट होते हैं यह गलत नहीं है लेकिन इन से दांतों में सड़न होने लगती है शुगर फ्री चुइंगम से नुकसान नहीं होता बल्कि यह क्लींजर का काम करते हैं लेकिन इसके ज्यादा सेवन से मस्क्यूलर की समस्या हो सकती है साथ ही इसकी वजह से दाँत के एनामेल नष्ट हो जाते हैं।



आमतौर पर हम सांस लेते वक्त निचले फेफड़े का इस्तेमाल करते हैं और हमारा डायग्राम ऊपर नीचे मूव करता है यदि कमर की बेल्ट बहुत ज्यादा टाइट होती है तो ऊपर फेफड़ों द्वारा साँस लेनी पड़ती है इसे साँस लेने में कठिनाई सिर दर्द या चक्कर आने की स्थिति आ सकती है। टाइट जींस व ट्राउजर्स महिलाओं की मांसपेशियों में गंभीर दर्द का कारण बन सकते हैं और जांघों में झनझनाहट या जलन हो सकती है, अतः इस तरह के कपड़े सेहत की दृष्टि से उचित नहीं है। टाइट जींस से पाचन क्रिया प्रभावित हो सकती है त्वचा पर खिंचाव हो सकता है जिससे इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है टाइट जींस पहनने से पुरुषों में नपुसंकता का भी खतरा अधिक होता है। ऊंची हील की सैंडल आजकल स्टाइल का हिस्सा बन गई है इससे पूरी पर्सनैलिटी का लुक बदल जाता है लेकिन इसकी आदत या हमेशा इसे पहनना सेहत की दृष्टि से हानिकारक होता है इससे कमर और पंजों पर अनुचित दबाव पड़ता है और दर्द होता है लंबे समय तक इसका प्रयोग करने से रीढ़ की हड्डी भी प्रभावित होने लगती है। आजकल लोग मोबाइल अधिक प्रयोग करते हैं और रोजाना फ्री में घंटो बातें करते हैं लेकिन हर वक्त मोबाइल पर चिपके रहना भी स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं इसमे रेडिएशन का खतरा होता है जिसकी वजह से सिर दर्द की संभावना बढ़ती है। बहुत सी महिलायें पेन किलर यानी दर्द निवारक गोलियों का सेवन करती हैं किंतु इन गोलियों की आदत स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है लंबे इस्तेमाल के बाद इसके दुष्प्रभाव सामने आने लगते हैं साथ ही यह कुदरती दर्द निवारक क्षमता को भी पूर्ण रूप से खत्म कर देती है। कंप्यूटर का अधिक प्रयोग करना भी स्वास्थ्य की दृष्टि से सही नहीं होता इसका अधिक प्रयोग विजन सिंड्रोम का कारण बन सकता है लैपटॉप का अधिक प्रयोग करना प्रजनन अंगों पर अनुचित प्रभाव डाल सकता है क्योंकि लैपटॉप को अक्सर पैरों पर रखकर प्रयोग किया जाता है। आधुनिक पीढ़ी प्यास लगने पर पानी की जगह कोल्ड ड्रिंक्स लेना पसंद करती है कोल्ड ड्रिंक्स हमारी हड्डियों के लिए स्वास्थ्य प्रति नहीं होते यह हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा के अवशोषण में अवरोध पैदा करती है कोल्ड ड्रिंक्स दांतों की सेहत के लिए हानिकारक होती है और इसमें अत्यधिक मात्रा में शुगर होती है जिसे दांतों पर कोटिंग हो जाती है और फिर बैक्टीरिया उत्पन्न होते हैं इसे दांतों व मसूड़ों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आजकल सप्लीमेंट के रूप में रोजाना विटामिन पिल्स लेने का चलन बढ़ गया है पर इसे अत्यधिक मात्रा में इस्तेमाल करना सुरक्षित नहीं माना गया है सामान्य मल्टी विटामिन सुरक्षित होते हैं और कोई भी विटामिन की दवाइयां लेने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। कई बार मोबाइल पर लोग गाने सुनते हैं ईयर फोन लगाकर जिसकी तेज आवाज की वजह से श्रवण शक्ति पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है कान के पर्दे भी क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और कई तरह की बीमारियाँ भी जन्म ले सकती है इनसे बचने का प्रयास करें।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



**पूजा गुप्ता**
मिर्जापुर
(उत्तर प्रदेश)

# जोशीमठ आपदा : सार्थक हल निकलने की उम्मीद

देवभूमि के जोशीमठ में तेजी से जमीन धंसने की खबरों को देख-सुनकर सारे देश का चिंतित होना स्वाभाविक है।

जोशीमठ में अफरा-तफरी का माहौल है। दरारों से भरी हुई सड़कें और मकान भय और आतंक, दोनों उत्पन्न करते हैं। इस समय सारा देश जोशीमठ और उत्तराखंड की जनता के साथ खड़ा दिख रहा है। जोशीमठ शहर पर जमीन में समाने का खतरा लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है। इस पूरे क्षेत्र को 'सिंकिंग जोन' करार दिया गया है। तेजी से बदलते हालात की वजह से आपदा प्रभावित इलाकों में रहने वाले हजारों परिवारों को पुनर्वास केंद्रों में ले जाया जा रहा है।

अब जोशीमठ में ताजा स्थिति के लिए पर्यटन, अवैध निर्माण और सुरंगों और बांधों का निर्माण बताया जा रहा है। कहने वाले तो यह भी कह रहे हैं कि अनियंत्रित भवन निर्माण को देख भूकंप भी जोशीमठ को घूर रहा है। इसलिए जोशीमठ का अस्तित्व खत्म होता नजर आ रहा है। वहां पर जमीन के अंदर भारी भरकम सुरंग तो खोद दिए गए, लेकिन राज्य के पर्यावरण की अनदेखी की गई। जोशीमठ में भयावह स्थिति के चलते स्थानीय जनता की आंखों में सिर्फ आंसू के अलावा कुछ नहीं है। जीवन भर की कमाई से मकान बनाने वालों को अपनी आंखों के सामने उनको जमींदोज होता देखना पड़ रहा है। जोशीमठ ग्लेशियर के मलबे पर बसा शहर है, जिसकी जमीन बहुत मजबूत नहीं है। इस बात का उल्लेख 50 साल पहले की एक रिपोर्ट में किया भी गया था। इस रिपोर्ट में अनियोजित विकास के खतरों को रेखांकित करते हुए चेतावनी दी गई थी कि जोशीमठ में छेड़खानी के परिणाम भारी पड़ सकते हैं। रिपोर्ट में जड़ से जुड़ी चट्टानों, पत्थरों को बिल्कुल भी न छेड़ने के लिए कहा गया था। वहीं यहां हो रहे निर्माण को भी सीमित दायरे में समेटने की सलाह की गई थी। पर इन सिफारिशों को अनदेखा किया गया। इसके बाद और अध्ययनों में भी ऐसी ही बातें सामने आई कि इस पहाड़ी इलाके में विकास के नाम पर चल रही बड़ी परियोजनाएं आखिरकार, तबाही का कारण बन सकती हैं।

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# सहकारी बैंक में किसानों को पैसा नहीं मिलने पर किया प्रदर्शन मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

## किसानों ने सड़क किया जाम,पुलिस और बैंक प्रबंधक के समझाइश के बाद किसान हुए शांत

- संवाददाता-

**लखनपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** लखनपुर नगर के जिला सहकारी बैंक में 2 दिनों से किसानों को पैसे नहीं मिलने पर किसानों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए लखनपुर पुलिस व बैंक प्रबंधक के समझाइस के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के मुताबिक लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 04 पैलेस रोड स्थित जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक लखनपुर में 13 जनवरी शुक्रवार को लहपटरा पुहपुटरा नीम्हा समिति के सैकड़ों बैंक में पैसा आहरण करने आए थे। परंतु जिला सहकारी बैंक में पैसा नहीं होने की स्थिति में सैकड़ो किसानों को बैरंग वापस घर लौटना पड़ा। 16जनवरी दिन सोमवार को पैसा निकालने बैंक पहुंचे किसानो को दोपहर 3:00 बजे तक पैसा नहीं दिया गया जब इस संबंध में किसानों ने बैंक मैनेजर से बात की तो उनके द्वारा कहा गया कि ऊपर से पैसा नहीं आया जिस कारण से आप किसानों को पैसा नहीं दिया जा रहा है। दूरदराज से आए किसान भड़क उठे और पैलेस रोड जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ नारे लगाने लगे मामला बिगड़ता देख जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक कमल नयन पांडेय ने लखनपुर पुलिस को इसकी सूचना दी सूचना मिलने उपरांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत करवाया साथ ही बैंक प्रबंधक कमलनयन पांडे के द्वारा दूरदराज से आए ग्रामीण किसानों को 1 घंटे के भीतर पैसे देने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया । क्षेत्र के किसानों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि जिला सहकारी बैंक में पैसा नहीं होने की स्थिति में दूरदराज से आए किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है दूरदराज से आए किसान भूखे प्यासे लाइनों में खड़ा होकर पैसे निकालने का इंतजार करते हैं। किसी किसान के घर में कोई बीमार है तो किसी किसान को रवि फसल की खेती के लिए पैसे की जरूरत है। वही किसान ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस बैंक में आए दिन पैसा निकालने आने वाले किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।






इस संबंध में जिला सहकारी बैंक प्रबंधक कमलनयन पांडे के द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को बैंक में पैसा आने वाला था कि नहीं कारणों से पैसा नहीं आ पाया इसलिए कुछ किसानों को भुगतान किया गया था राशि खत्म होने उपरांत किसानो को सोमवार को पैसा देने कहा गया था। 1 घंटे के भीतर पैसा आ रहा है और इसके बाद किसानों को भुगतान किया जाएगा।

## 8 वर्षीय अक्षिता डबराल ने जीता फैशन आईकॉन का खिताब

- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** ओड़िशा में आयोजित ब्यूटी इक्पो सीजन 7-2023 में अंबिकापुर के होली क्रॉस स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 8 वीं की छात्रा अक्षिता डबराल को फैशन आइकॉन के खिताब से नवाजा गया। अक्षिता ने फैशन आईकॉन का खिताब अपने नाम कर नगर को गौरवान्वित किया है। शहर के नमनाकला निवासी शिक्षक दीपक डबरवाल व मां ऐश्वर्या डबरवाल की पुत्री है। वह सोमवार को सरगुजा प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन ऑडिशन हुआ था। यह एक ओपन प्रतियोगिता थी। पहले ही राउंड में उसका सलेक्शन हो गया था। इस प्रतियोगिता में टैलेंट शो, वेस्टर्न व ट्रेडिशनल डांस कई विधाएं थी। विश्वा ग्रुप के तत्वाधान में वह इस प्रतियोगिता में शामिल हुई। छत्तीसगढ़ विश्वा ग्रुप की प्रेसिडेंट सविता सिंह ने कहा कि हमारे ग्रुप का प्रयास रहता है कि हम किस तरह से महिलाओं के टैलेंट को उभार सकें। इस कारण से समय-समय पर कई प्रतियोगिताएं भी ग्रुप द्वारा कराई जाती है। ओड़िशा में भी विश्वा ग्रुप द्वारा ही यह प्रतियोगिता कराई गई। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग राज्य के 50 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। 12 जनवरी को यह प्रतियोगिता वहां आयोजित की गई थी। फैशन आईकॉन का खिताब जीतकर अक्षिता ने कहा कि फिलहाल वह यह नहीं सोची है कि वह आगे चलकर फैशन के क्षेत्र में जाएंगी। फिलहाल पढ़ाई ही उनकी पहली प्राथमिकता है।



## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजेश एवं विनय बने उप विजेता

- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** 21 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता 2023 का आयोजन जिला बैडमिंटन संघ, दन्तेवाड़ा द्वारा 5 से 8 जनवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें अम्बिकापुर से वरिष्ठ खिलाड़ी आनंदधर दीवान, राजेश सिंह, राजेश गुप्ता, विनय गुप्ता ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के सिनीयर पुरुष तथा महिला करीब 350 खिलाडियों ले भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। अंतिम रोमांचक प्रतियोगिता में विनय गुप्ता तथा राजेश गुप्ता अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी से संघर्ष पूर्ण मुकाबला करते हुए फाइनल में उप विजेता रहे। मार्च 2023 में राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता गोवा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ द्वारा सरगुजा जिला अम्बिकापुर के वरिष्ठ खिलाड़ी तथा उप विजेता रहे विनय गुप्ता तथा राजेश गुप्ता का चयन दन्तेवाड़ा में किया गया है तथा इन्हें शाल, मोमेंटो के साथ प्रशस्ती पत्र देकर पुलिस उप महानिरीक्षक कामलोचन कश्यप द्वारा सम्मानित किया गया। नेशनल प्रतियोगिता में चयन के लिए स्थानीय बैडमिंटन खिलाडियों ने शुभकामनाएं दी है।






## राष्ट्रीय प्रतियोगिता वुडबॉल में सरगुजा के खिलाड़ियों ने जीता मेडल

- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिला वुडबॉल संघ के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से प्रतिनिधित्व किया। वुडबॉल नेशनल विंटर लीग 2023 नागपुर महाराष्ट्र में 12 से 14 जनवरी तक आयोजित हुआ। जिसमें सरगुजा जिला से आकाश दुबे, साकेत केडिया, राहुल, आंनद, सक्षम व सूरज शामिल हैं। जिसमें मिक्स डबल इवेंट में आकाश दुबे एवं साकेत केडिया ने सिल्वर मेडल एवं टीम इवेंट में आनंद ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस नियमित रूप से गांधी स्टेडियम में अभ्यास कराया जाता है और इन खिलाडियों ने पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत कर राज्य एवं जिले का नाम रोशन किया है।

## दो चालबाजों ने पहले महिला को डराया,फिर पूजापाठ के नाम पर जेवर लेकर हुए फरार

- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित मुख्य डाकघर के पास रविवार की शाम को दो चालबाजों ने एक महिला का पूजापाठ कराने के नाम पर सोने का जेवरात व 12 सौ रुपए ठग लिए। पहले चालबाजों ने 7 दिन के अंदर घर में बड़ा नुकसान होने की बात कहकर महिला को डरा दिया। इसके बाद पूजापाठ कराकर समस्या का समाधान कराने की बात कह कर उसके सारे जेवरात लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निशा अग्रवाल उम्र 52 वर्ष सूरजपुर जिले की रहने वाली है। वह अपने मायके अंबिकापुर स्थिति डीसी रोड आई है। रविवार को अपनी भतीजी के साथ खरीदारी करने पुराना बस स्टैंड गई थी। इस दौरान मुख्य डाकघर के समीप 1 अज्ञात व्यक्ति आया और आंख के डॉक्टर के बारे में महिला से पूछने लगा। तभी 1 और व्यक्ति वहां आ गया और बातचीत करने लगा। इस दौरान एक व्यक्ति ने महिला को कहा कि सात दिन के अंदर आपके घर में कुछ बड़ा नुकसान होने वाला है। अगर इस समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं तो पूजापाठ करना पड़ेगा। इस दौरान सभी साथ-साथ चल रहे थे और पूजा के नाम पर महिला को बोला कि आप अपने नाक के जेवर को छोड़कर बाकी सभी जेवर को उतार कर अपने पर्स में रख लो। महिला के पास पर्स नहीं होने के कारण वह अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आकर सोने का चेन, सोने का कंगन, तुलसी का माला व 12 सौ रुपए अपने पास रखे नए मोजा में रख दी और उक्त मोजे को अपनी भतीजी को दे दी। इस दौरान ठगों ने महिला को कहा कि बिना पीछे देखे 20 कदम आगे चलते रहिए। महिला कुछ ही दूर गई थी कि तभी दोनों ठगों ने महिला के भतीजी के हाथ से जेवर से भरे मोजा को लेकर फरार हो गए। महिला ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 420 व 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।



## आजाद सेवा संघ ने डेटशीट जारी करने कुल सचिव को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** संभाग के सबसे बड़े विश्वविद्यालय संत गहिरा गुरु द्वारा सत्र 2022-23 परीक्षा फॉर्म की डेट अब तक कई बार बढ़ाई जा चुकी है परंतु अब तक विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा की डेट से जारी नहीं हुई है। डेट जारी ना होने से कई छात्र-छात्राएं इस बात को लेकर परेशान हैं की यदि परीक्षा की डेट विलंब से आएगी तो परीक्षाएं भी विलंब से होंगी जिससे उनका परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होगा और भविष्य की तैयारियां भी प्रभावित होंगी। उनका सत्र पीछे हो जाएगा एवं भविष्य में होने वाली पढाईयों में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ जाएगा।

फाइनल ईयर के छात्रों को अत्यधिक परेशानी होगी यदी उनका परीक्षा परिणाम विलम्ब से आएगा। स्नातक पुण्य करने वाले छात्र भविष्य में होने वाले कई परीक्षाओं की तैयारियों में लगे हैं जैसे, सिविल सर्विसेज की कई परीक्षाएं हैं पीएससी, व्यापम ,एवं अन्य परीक्षाएं। जिसमें स्नातक डिग्री अनिवार्य रहता है यदि परीक्षा परिणाम में विलंब होता है एक तरफ से उनका भविष्य भी प्रभावित होगा।

इन तमाम तरह की परेशानियों को देखते हुए गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा द्वारा एवं छात्र मोर्चा अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता की उपस्थिति में कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा गया एवं ज्ञापन में पूर्ण बातें सम्मिलित की गई एवं जल्द से जल्द डेटशीट जारी करने की मांग की गई। जिस पर कुलसचिव ने आश्वासन दिया की परीक्षा फॉर्म की डेट अब नहीं बढ़ाई जाएगी एवं बहुत जल्द ही डेटशीट जारी कर दी जाएगी।

इस दौरान संघ के अभिनव चतुर्वेदी, संजय बरा, नीतीश भाई पटेल, विकास, रवि गुप्ता, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## करंजी पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

### अपनी जान खुद के हाथ जिम्मेदारी है...अपनी जिंदगी की रक्षा करना:गोस्वामी

- संवाददाता-

**दतिमा मोड़ 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सूरजपुर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जेपी भारतेंदु के मार्गदर्शन में 33 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत छठवें दिन करंजी चौकी पुलिस की ओर से सोमवार को करंजी-खरसुरा मुख्य मार्ग होते हुए रैली निकालकर वाहन चालकों को जागरूक किया। इस दौरान हैलमेट, सीट बेल्ट व मोबाइल उपयोग करते हुए ड्राइविंग के विरुद्ध सद्भावना पूर्ण चेकिंग अभियान चलाया गया।

वहीं करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा आमजनो को सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करने, नशा करके वाहन न चलाने, ओवर स्पीड से बचने, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाने, नंबर प्लेट नियमानुसार लगाने, पीयूसी बनवाने जैसी कई अन्य छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर अपनी और अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित रखने की अपील की। विस्तार पूर्वक लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि जीवन अनमोल है हम इसे लापरवाही की भेंट नहीं चढ़ा सकते इसकी अहमियत समझते हुए हम सबको सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना पड़ेगा। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा नजर हटी दुर्घटना घटी, सड़क पर लगेगा ताला जब पहनोंगे के सुरक्षा की माला, वाहन को तेज ना चलाएं मंजिल को आखरी मत बनाओ, सड़क सुरक्षा का पूर्ण ज्ञान देता है जीवनदान जैसे नारे लगाए।




### निकाली गई बाइक रैली

जागरूकता अभियान के क्रम में हेलमेट को लगाकर चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी सहित पुलिस जवानों द्वारा बाइक रैली निकालकर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया। वही बिना हेलमेट के बाइक सवारों को हेलमेट जरूर पहने के निर्देश दिए। साथ ही लोगों को घर से निकलते ही हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी सहित प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह, उमाशंकर कुशवाहा आरक्षक कृष्णकांत पांडे, जितेंद्र सिंह, मनोज सिदार, सतनारायण सिंह, दीपक किस्पोट्टा सहित काफी संख्या में करंजी स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## पत्रकार दिलीप जायसवाल बने आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन सरगुजा जिलाध्यक्ष



- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश श्रवण यदु ने आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन को प्रदेश में विस्तार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार दिलीप जायसवाल को सरगुजा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद वाचस्पति के निर्देश एवं प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय से विचार विमर्श के बाद नियुक्ति दी गई है। वे जिला एवं उनकी कार्यकारिणी इकाई का गठन यथाशीघ्र कर उसकी एक प्रति प्रदेश अध्यक्ष को उपलब्ध कराएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रमोद वाचस्पति के निर्देश एवं प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण यदु ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी अजय कुमार मिश्र केंद्रीय संयुक्त प्रभारी आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा दी गई।

## लखनपुर पुलिस ने नगर में बाइक रैली निकाल यातायात नियमों का पालन करने लोगों को किया जागरूक

- संवाददाता-

**लखनपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन में 16 जनवरी दिन सोमवार को लखनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नगर में बाइक रैली निकाल लोगों को यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई साथ ही पर्यावरण एवं जागरूकता के उद्देश्य पुलिस के द्वारा सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। क्षेत्र के चालकों आम नागरिकों को त्रिनेत्र हेल्पलाइन नंबर से भी अवगत कराया गया। बाइक रैली में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक प्रशांत देवांगन ,प्रधान आरक्षक अनिल कामरे, मुक्ति लाल तिर्की, नरेंद्र जांगड़े, आरक्षक दशरथ राजवाडे,राजेंद्र सिंह, अमीर मझवार,राकेश यादव, देवेंद्र सिंह, सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।




## संभाव मंच की महिलाओं ने मनाया नया साल व मकर संक्रांति

- संवाददाता-

**अंबिकापुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** सर्व धर्म सर्व समाज संभाव मंच 2015 में समाजसेवी वंदना दत्ता के नेतृत्व में शुरू की गई थी। आज 10 से ज्यादा समाज एक साथ काम कर रहे हैं। एक दूसरे के रीति रिवाज को अपनाते हुए तीज-त्योहार एक साथ मनाते हैं। इसी कड़ी में सोमवार को नया साल, लोहड़ी और मकर संक्रांति सभी समाज की बहनें एक साथ मनाया। कार्यक्रम में 60 से ज्यादा मंच के साथियों ने शिरकत किया।

कार्यक्रम की शुरुवात हल्दी, कुमकुम लगाकर व तिल के लड्डू खिलाकर किया गया। आकर्षक गेम्स और उपहार कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम के आयोजन में संतोष पांडेय, मीरा शुक्ला, नीलिमा मिश्रा, रंजू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, आशा गुप्ता, मानोवि दत्ता, महजबीन, दीपमाला, सुनीता लाल, संगीत सिंह, हिना रिज़वी, बलविंदर कौर, नीतू मिश्रा आदि का सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम वंदना दत्ता के मार्गदर्शन में कल्याणिका गर्ल्स हॉस्टल में सम्पन हुआ।




CMYK

# महल की बंद दरवाजों के बीच शिक्षकों ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण करा के क्या दिखाया व क्या सिखाया?

» क्या शिक्षक अपने आप को विधायक समर्थक समझकर महल पहुंचे शैक्षणिक भ्रमण की आड़ में?

» महल पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण हुआ या फिर विधायक से मुलाकात

» शैक्षणिक भ्रमण में महल जाकर बच्चों ने क्या सीखा?

» शिक्षक शैक्षणिक भ्रमण कराने गए थे या फिर बच्चों को विधायक से मिलाने या फिर खुद विधायक से मिलने?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।





कटकोना संकुल द्वारा सामान्य ज्ञान परीक्षा में सफल होने वाले बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार को कई जगह ले जाया गया , जिसमें शैक्षणिक भ्रमण स्थल में महल को भी शामिल किया गया पर सवाल यह है कि आखिर बंद महल में शिक्षक बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण में क्या दिखाने ले गए और उन्हें क्या सिखाया? शैक्षणिक भ्रमण का मतलब होता है भ्रमण के साथ बच्चों को ऐतिहासिक धरोहर से लेकर प्रकृति के संबंधित जानकारी व शिक्षा प्रदान करना, पर क्या महल पहुंचकर बच्चों को शैक्षणिक जानकारी में कुछ अपने लिए जुटाने के लिए मिला क्या शिक्षकों ने छात्रों को महल के विषय में कुछ समझाया जो उनके ज्ञान में वृद्धि करने वाला रहा? क्या विधायक के साथ फोटो शूट कराकर विधायक को दिखाया या फिर महल के बारे में भी कोई विस्तृत जानकारी दी गई या फिर महल की उपलब्धि बताई गई या फिर या कहा जाए तो महल का इतिहास क्या है यह बताया गया? वही चर्चा का विषय यह भी है की कांग्रेस से श्रद्धा रखने वाले शिक्षक खुद को विधायक का खास बताने के लिए महल को शैक्षणिक भ्रमण के लिए चुनने निर्णय लिए। मिली जानकारी के अनुसार 2 बस में तकरीबन 120 छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण में कटकोना से बसों द्वारा ले जाया गया था, एक बस अंगा से दूसरी बस कटकोना संकुल से 7:30 बजे अंगा से रवाना हुई सार 7.45 में पूटा 8:00 बजे कटकोना से दोनों बसें एक साथ जनपद सदस्य शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में रवाना हुई 8.30 में पटना में नाश्ता 9:30 बजे पैलेस 10:30 झुमका 12:00 बजे हंसदेव का उद्गम स्थल 2:00 गांगी रानी नटवाही 4:00 बजे वापसी हेतु रवानगी 7:00 बजे कटकोना वापसी का समय तय किया गया था पर महल जाने की वजह से काफी विलंब हुआ पर वापसी में काफी रात हो गई। महल में शैक्षणिक भ्रमण कम राजनीतिक नजारा ज्यादा देखने को मिला यही वजह थी कि बच्चों को महल में ही काफी विलंब हो गया।

## कांग्रेस विचारधारा से जुड़े शिक्षक ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए उपयोग किया

जैसा की बताया जा रहा है की छात्र छात्राओं को भ्रमण पर बैकुंठपुर महल ले जाया जाए यह निर्णय कांग्रेस विचारधारा से जुड़े एक शिक्षक ने निर्णय लिया और उसी ने पूरे भ्रमण को राजनीतिक रूप दे दिया। जो भ्रमण अन्य जगहों पर जाकर होना था उसे महल तक ही विशेष रखा गया विधायक के समक्ष अपनी साख बनाने के लिए उक्त शिक्षक ने भ्रमण को व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षा से जोड़कर उसके उद्देश्य को ही धूमिल कर दिया जो चर्चा का विषय है।



## बंद महल में छात्रों को आखिर क्या दिखाया गया,क्या उनके ज्ञान में वृद्धि के लिए उपयोगी रहा

महल आम लोगों के लिए नहीं खोला जाता।महल की बाहरी दीवारों के अलावा कुछ और भ्रमण करने वाले नहीं देख सकते यह महल की जिम्मेदारी संभालने वालों का कहना है वैसे आजकल तो महल में तस्वीर खींचना भी मना है फिर भी छात्र छात्राओं के समूह ने फोटो खींची और शिक्षकों भी तस्वीर खींची।वैसे महल को अंदर से देखने का अवसर मिलता और यदि अंदर की ऐतिहासिक चीजों महल के राजाओं की तस्वीरों सहित बच्चो को कुछ जानने को मिलता तो यह भ्रमण सार्थक रहता जबकि भ्रमण में महल के बाहर ही बाहर छात्र छात्राओं को घुमाया गया और फिर विधायक से मुलाकात कर महल से ले जाया गया। छात्र छात्राओं को महल के विषय में जानकारी नहीं दी गई यह भी बात सामने आई।

## राजनीतिक लोगों की भी रही भ्रमण में उपस्थिति

छात्र छात्राओं के भ्रमण कार्यक्रम में राजनीतिक लोगों की उपस्थिति देखी गई। शैक्षिक भ्रमण को जितना हो सकता था एक शिक्षक ने अपनी महत्वाकांक्षा ने राजनीतिक रूप प्रदान किया। भ्रमण शैक्षणिक न होकर एक शिक्षक के राजनीतिक महवाकांक्षा का भ्रमण साबित हुआ यह कहना गलत नहीं होगा।

इन से जब इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब से केबीसी में अमिताभ बच्चन ने सवाल पूछा और कई जगह पर खबरें छपी इसके बाद से महल के दरवाजे नहीं खोले जा रहे हैं पूरी तरीके से भी प्रतिबंधित किया गया।
**संजय सिंह**
पैलेस से अधिकारी

# अपनी ही सरकार में युवक कांग्रेसी घेरेंगे पुलिस थाना

» प्रशासन आखिर सत्ताधारी दल से क्यों दिखा रहा बेरूखी?

» वहीं भाजपा बिना अनुमति पूर्व मंत्री के पुतला दहन मामले में करेगी उग्र प्रदर्शन

» कांग्रेस ने किया था पुतला दहन,निकाली थी शवयात्रा

» 19 जनवरी को भाजपा का है उग्र आंदोलन

»20 हजार लोगों को बिना अनुमति इकट्ठा कर पुतला दहन मामले में करेगी भाजपा विरोध प्रदर्शन


कार्यालय नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर
श्री आशीष यादव
INDIAN YOUTH CONGRESS
भारतीय युवा कांग्रेस

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।
अपनी ही सरकार और अपनी ही सरकार में लगातार विरोध प्रदर्शन के लिए मजबूर सत्ताधारी दल कांग्रेस के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं की मजबूरी लगातार देखी जा रही है और जिसे देखकर कहा जा सकता है की सुशासन की बात करने वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार वहीं भारत को जोड़ने निकले कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को सबसे पहले अपने ही दल के लोगों के बीच अनुशासन लाने की जरूरत है और उन्हे सरकार में रहकर व्यवहार करना सिखाना चाहिए।भाजपा बैकुंठपुर के पूर्व विधायक एवम पूर्व मंत्री भइयालाल राजवाड़े से जुड़े एक मामले में युवक कांग्रेस ने पुलिस थाना के घेराव का ज्ञापन सौंपा है और युवक कांग्रेस ने इसके लिए 10 दिनों का समय प्रशासन को दिया और चेतावनी दी है की पूर्व मंत्री ने स्थानीय विधायक को लेकर गलत टिप्पणी की थी जिसको लेकर युवक कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया था और उस विरोध प्रदर्शन के दौरान जो लोग भी कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन ने शामिल थे उनके विरुद्ध पक्षपातपूर्ण कार्यवाही का दबाव बनाया जा रहा है और वहीं पूर्व मंत्री पर टिप्पणी के लिए कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।युवक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंप कर मांग की है की पूर्व मंत्री पर पुलिस टिप्पणी के लिए कार्यवाही करे और यदि 10 दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं हुई तो बैकुंठपुर थाने का संभाग स्तर पर उग्र आंदोलन कर घेराव किया जायेगा।वहीं यदि पूर्व मंत्री पूर्व भाजपा विधायक के पुतला दहन मामले में किसी कांग्रेसी कार्यकर्ता पर कार्यवाही की जाती है तब भी विरोध प्रदर्शन कर थाने का घेराव किया जायेगा। पूरे मामले को यदि समझा जाए तो इसे युवक कांग्रेस जिला कोरिया के पदाधिकारियों की मजबूरी ही कहा जा सकता है या इसे विपक्ष में रहने के दौरान की आदत कहा जा सकता है जो वह हर मामले में आंदोलन और उग्र प्रदर्शन का ही मार्ग तय करने का प्रयास करते हैं जबकि प्रदेश में उन्ही की सरकार है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर में सीइओ को हटाने कांग्रेसियों का आंदोलन भी सामने आ चुका है और सभी को देखा जाए तो एक बात स्पष्ट नजर आती है की या तो पार्टी में अनुशासन की कमी है या फिर पार्टी के अंदर निर्णय लेने की क्षमता रखने वाला कोई नहीं है जो सही और गलत का फर्क करते हुए निर्णय ले सके और पार्टी को बार बार बेजार होने से बचा सके।

## भाजपा भी 19 को करेगी उग्र आंदोलन,बिना अनुमति मंत्री के पुतला दहन को बनाएगी मुद्दा

वहीं 19 जनवरी को भाजपा भी उग्र आंदोलन करने जा रही है और भाजपा का आरोप है की पूर्व मंत्री और पूर्व भाजपा बैकुंठपुर विधायक का पुतला दहन 20 हजार लोगों को जुटाकर किया गया और इसके लिए कांग्रेस ने अनुमति प्रशासन से नहीं ली जो गलत है गैर कानूनी है। भाजपा पूर्व मंत्री के पुतला दहन और उनके शवयात्रा निकाले जाने मामले में गंभीर है और वह इसे लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहती क्योंकि भाजपा ने असली वीडियो सामने लाकर साबित कर दिया है की पूर्व मंत्री ने विधायक को कई अपशब्द नहीं कहे।

## कांग्रेसियों पर पुलिस कार्यवाही ना करे इसलिए 5 आवेदन दिए गए पुलिस अधीक्षक को

नेशनल कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस बैकुंठपुर, ब्लॉक कांग्रेस चरचा, युवा कांग्रेस कोरिया व नगरपालिका उपाध्यक्ष बैकुंठपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर पुलिस को चेतावनी दी गई है की पूर्व कैबिनेट मंत्री का कार्यवाही नहीं हुई तो होगा उग्र धरना प्रदर्शन।

# विभाजित कोरिया में पहला झुमका जल महोत्सव आयोजन

» 17 एवं 18 जनवरी को जिले की संस्कृति, पर्यटन और खूबसूरती होगी प्रदर्शित

» देश और राज्य के नामचीन कलाकारों सहित स्थानीय कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां

» विभागीय प्रदर्शनी, काइट फेस्टिवल,पेंटिंग प्रदर्शनी होंगे आकर्षण का केन्द्र

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले की संस्कृति, पर्यटन और खूबसूरती को प्रदर्शित करने जिला प्रसाशन द्वारा झुमका जल महोत्सव के दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज़ 17 जनवरी को होगा। महोत्सव का समापन 18 जनवरी को होगा। महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विभागीय प्रदर्शनी के द्वारा जिले की उपलब्धियों से लोग अवगत होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 जनवरी को छत्तीसगढ़ शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक सांख्यिकीय एवं संस्कृति विभाग मंत्री श्री अमरजीत भगत करेंगे। 18 जनवरी को छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण, गृह, जेल, पर्यटन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को तेजी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन की पूरी टीम कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारियों में जुटी है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री लंगेह ने आज कार्यक्रम स्थल का जायज़ा लिया तथा सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




## महोत्सव में इन कलाकारों द्वारा दी जाएंगी प्रस्तुतियां

दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 17 जनवरी को महोत्सव के शुभारंभ पर दोपहर 1 बजे अतिथियों के स्वागत तथा उद्बोधन पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया जाएगा। जिसके पश्चात अतिथियों द्वारा झुमका आइलैण्ड में काइट फेस्टिवल एवं पेंटिंग एग्जीबिशन का अवलोकन किया जाएगा। दोपहर 2.50 बजे छत्तीसगढ़ी कलाकार सुश्री आरु साहू द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति, 3.40 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 5.00 बजे छत्तीसगढ़ी कलाकार श्री सुनील मानिकपुरी द्वारा तथा 6:00 बजे ओडिसी नृत्यांगना श्रीमती पूर्णाश्री राउत द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। वहीं छत्तीसगढ़ी कलाकार श्री अनुज शर्मा द्वारा शाम 7 बजे तथा बॉलीवुड कलाकार विनोद राठौर की शाम 8 बजे मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। झुमका जल महोत्सव के दूसरे दिन 18 जनवरी को दोपहर 1 बजे अतिथियों के स्वागत तथा उद्बोधन के पश्चात दोपहर 2 बजे स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति, 4 बजे छत्तीसगढ़ी कलाकार श्री संजय सुरीला द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 5.30 बजे सूफी कलाकार श्री नासिर निन्दर द्वारा तथा 6.45 बजे अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शाम 6.55 बजे छत्तीसगढ़ी कलाकर श्री सुनील सोनी तथा बॉलीवुड कलाकार श्री सुखबीर सिंह द्वारा महोत्सव में प्रस्तुतियों से समां बंधेगा।

# 500 ग्राम वासियों ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को सौंपा ज्ञापन





-संवाददाता-
अम्बिकापुर,16 जनवरी 2023(घटती-घटना)।
आज एलुमिनिया प्लांट चिरगा मैं कार्य करने के इच्छुक लगभग 500 ग्राम वासियों ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को मानपुर,बतौली मैं सड़क निर्माण की भूमि पूजा मैं जाकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा 4 महीने से रोजगार के लिए आवेदन जमा किया हुआ है परंतु आज तक रोजगार प्राप्त नहीं हुआ। प्लांट को जो जमीन आवंटित हुई है उस पर कुछ लोगो ने बेजा कब्जा किया हुआ है और वे प्लांट स्थापित नहीं होने दे रहे हैं जिससे ग्रामीणों की जीवन यापन की समस्या उठ खड़ी हुई है।ग्रामीणों ने मांग की कि बेजा कब्जा धारियों को कानूनी रूप से हटा कर भूमि को कंपनी को दिलवाए एवं जो व्यक्ति अपनी पट्टे की जमीन प्लांट को देना चाहते हैं उन्हें उचित मुआवजा देते हुए उनके जमीन को अधिग्रहित किया जाए। क्षेत्र में अस्पताल का निर्माण किया जाए एवं स्कूल बनाए जाएं । नल जल योजना को प्रारंभ कर ग्रामीणों के घरों में जल का वितरण करवाया जाए । इस प्रकार के सीएसआर के कार्यों को किया जिससे की क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन स्तर मे सुधार हो जाए ।यह मांग पूरी ना होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

# परमिशन देंगे नहीं तो जायेंगे कहाँ,क्योंकि उन्हें भी तो चाहिए पैसा

» क्या कोरिया पुलिस दे चुकी है कोल माफियाओं को कोयले के अवैध कारोबार करने की अनुमति?

» चरचा काण्ड व नव पदस्थ आईजी के आने के बाद से कुछ दिनों तक शांत रहे कोल माफिया अब फिर उठने लगे सर

» पटना क्षेत्र में फिर शुरू हुई कोयले तस्करी का काम

» आखिर किसने दिया काम करने का इज्जाजत

» इस बार किस गुट को मिली परमिशन क्या फिर गुट भिड़ेंगे आपस में?

» कोल माफिया को कोयले के अवैध कारोबार को शुरू करने मार रहे हाथ-पांव

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले में अभी कुछ दिनों से अवैध कारोबार को लेकर शांति थी, क्योंकि चरचा कांड के बाद से कोल माफिया को अवैध कारोबार का परमिशन नहीं मिल रहा था पूरी तरीके से अवैध कारोबार बंद रखने को कहा गया था, इसका दूसरा कारण नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा भी थे, क्योंकि वह अवैध कारोबार अपने क्षेत्र में बिल्कुल भी नहीं होने देना चाहते थे जिस वजह से किसी भी थानेदार में हिम्मत नहीं थी कि वह कोल माफिया को काम करने की अनुमति दें या फिर संरक्षण प्रदान करें, क्योंकि कोरिया में नव पदस्थ सरगुजा आईजी रामगोपाल गर्ग



का दौरा नहीं हुआ था अब वह भी दौरा करके जा चुके हैं इसके बाद फिर से कोल माफियाओं का सर उठने लगा है और वह कोयले के अवैध कारोबार को फिर से शुरू करने की जद्दोजहद कर रहे हैं सूत्रों की माने तो काम शुरू भी हो गया है पर थोड़ा धीमी गति से चल रहा है पहले की तरह खुली छूट नहीं है वही कुल माफियाओं का सरेआम यह कहना कि काम तो शुरू होगा ही क्योंकि उन्हें भी तो पैसे की जरूरत है उन्हें किसे पैसे की जरूरत है यह बात सभी समझ सकते हैं लिखने या बताने की जरूरत नहीं है।पिछले डेढ़ महीने से अवैध कारोबार पर पूरी तरीके से अंकुश लगा हुआ था अब एक बार फिर से कोयले का अवैध कारोबार शुरू होने की सुगबुगाहट होने लगी है सूत्रों का कहना है कि यह कारोबार शुरू भी हो गया इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा छूट देने की बात कही गई है अब यह बात कितनी सत्य है यह तो तब पता चलेगा जब पूरी तरीके से कारोबार चलेगा या फिर पूरी तरीके से बंद हो जाएगा? कारोबार चलता है तो यह समझा जा सकता है कि संबंधित विभाग इन्हें कारोबार करने की अनुमति दे दिया है और यदि कारोबार बंद होता है तो यह समझा जा सकता है कि संबंधित विभाग ने अभी भी इन पर अंकुश लगाकर रखा है पर जैसी जानकारी आ रही है उसके अनुसार कारोबार फिर से शुरू हो चुका है दो गुटों में समझौता भी हो गया है और दोनों गुट 1 साथ काम करेंगे पर दोनों का काम अलग अलग होगा, ऐसी भी जानकारी सामने आ रहे हैं दोनों गुट अब एक दूसरे का विरोध किए बिना अपनी-अपनी हिस्से का अवैध कारोबार करेंगे जिसके लिए अंदर खाने में समझौता होना बताया जा रहा है।

## क्या आईजी तक यह बात पता चलने पर लगेगा रोक?

सरगुजा आएगी रामगोपाल गर्ग अवैध कारोबार को लेकर काफी एग्रेसिव है और वह बिल्कुल नहीं चाहते कि अवैध कारोबार हो पर ऐसे मे कोरिया जिले में एक बार फिर से अवैध कारोबार शुरू होता है और उन तक यह बात पहुंचती है तो क्या कार्रवाई होगी? जबकि अवैध कारोबार को लेकर दो थाना चरचा व पटना सुर्खियों में रहता है और इन्हीं क्षेत्रों में अवैध कारोबार कोयले का बड़े मात्रा में होता आया है और एक बार फिर से होने की बात सामने आ रही है।

## उत्तरी चीन में रासायनिक संयंत्र में विस्फोट, दो की मौत, 12 लापता और 34 घायल

बीजिंग। पूर्वोत्तर चीन में एक रासायनिक संयंत्र में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 12 लापता हो गए। राजधानी बीजिंग के पूर्व में लियाओनिंग प्रांत के पंजिन शहर के बाहरी इलाके में हुए विस्फोट में 34 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय सरकार के समाचार विज्ञप्ति में रासायनिक प्रसंस्करण मशीनरी, पाइप और भंडारण कंटेनरों के परिसर से आग की लपटों और घने काले धुएं की तस्वीरें दिखाई गईं। शहर के उपनगरों में पानशान काउंटी की सरकार ने एक समाचार विज्ञप्ति में कहा कि दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है और स्थानीय पर्यावरण विभाग क्षेत्र में वायु गुणवत्ता पर प्रभाव की निगरानी कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें विस्फोट का झटका महसूस हुआ, लेकिन नुकसान संयंत्र से आगे नहीं बढ़ा। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला चीन नियमित रूप से घातक औद्योगिक दुर्घटनाओं का शिकार होता है। उत्तरी बंदरगाह शहर टियांजिन में एक रासायनिक गोदाम में 2015 में हुए विस्फोट के बाद से केंद्र सरकार ने मजबूत सुरक्षा उपायों का वादा किया था। इस दुर्घटना में 173 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकांश अग्निशामक और पुलिस अधिकारी थे। उस मामले में, कई स्थानीय अधिकारियों पर सुरक्षा उल्लंघनों की उपेक्षा करने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था।

## पाक के बलूचिस्तान में सिलेंडर फटने से 6 लोगों की मौत पूरा घर क्षतिग्रस्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की मौत हो गई जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। मीडिया के अनुसार बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए परिवार ने हीटर चालू करने की कोशिश की तभी गैस के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट के अनुसार शवों को अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। पाकिस्तान के डॉन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक राजधानी क्वेटा सहित बलूचिस्तान के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है वहीं कुछ इलाकों में पारा शून्य से 10 डिग्री से 15 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है।

## पश्चिमी इंडोनेशिया में भूकंप के तेज झटके सुनामी की चेतावनी नहीं

जकार्ता। पश्चिमी इंडोनेशिया में सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए इसका केंद्र समुद्र में था। भूकंप से कोई गंभीर क्षति या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 6.0 मापी गई है जिसका केंद्र आचे प्रांत के एक तटीय जिले सिंगकिल से 48 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 48 किलोमीटर की गहराई पर था। लेकिन सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की है। इंडोनेशिया की आबादी 27 करोड़ से अधिक है। प्रशांत महासागर में 'रिंग ऑफ फायर पर इसकी स्थिति के कारण यहां भूकंप का खतरा अधिक रहता है। गौरतलब है कि पश्चिम जावा के सियानजुर शहर में 21 नवंबर को आए 5.6 की तीव्रता वाले भूकंप में कम से कम 331 लोग मारे गए थे और करीब 600 लोग घायल हुए थे। इससे पहले सुलावेसी में 2018 में आए भूकंप और सुनामी में करीब 4340 लोग मारे गए थे। वहीं 2004 में हिंद महासागर में एक अत्यंत शक्तिशाली भूकंप के कारण सुनामी आने से एक दर्जन देशों में 230000 से अधिक लोगों की जान गई थी जिनमें अधिकतर लोग इंडोनेशिया के आचे प्रांत के थे।

## दक्षिण कोरिया में बर्फ से ढकी सड़क पर करीब 50 वाहन टकराए, एक व्यक्ति की मौत व कई अन्य घायल

सियोल। दक्षिण कोरिया की राजधानी के पास बर्फ से ढके राजमार्ग पर रविवार रात करीब 50 वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पोचिओन शहर में दमकल विभाग के एक अधिकारी ह्वांग ताए-जियोन ने बताया कि गुरी-पोचिओन राजमार्ग पर कम से कम 47 वाहन सड़क पर फिसलन के कारण एक-दूसरे से टकरा गए। तस्वीरों में पुलिस अधिकारियों और बचावकर्मियों को 'स्ट्रेचर' लिए, मलबे के बीच, सड़क पर भागते हुए देखा जा सकता है। एक यात्री बस सहित कई वाहन आगे और पीछे से क्षतिग्रस्त हो गए। उत्तरी ग्योंगगी प्रांत के दमकल विभाग के अधिकारी किम डोग-वान ने बताया कि एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कम से कम तीन वाहन सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं करीब 29 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। ह्वांग ने बताया कि जिन घायलों को अस्पताल ले जाने की जरूरत नहीं थी, उन्हें बचावकर्मियों ने बसों में उनके घर पहुंचाया। हादसा सियोल के उत्तर में करीब 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पोचिओन जाने वाले एक राजमार्ग के पास हुआ।

## तालिबान राज में दहशत, अफगानिस्तान की पूर्व महिला सांसद मुरसल नबीजादा की गोली मारकर हत्या

काबुल। अफगानिस्तान की पूर्व महिला सांसद मुर्सल नबीजादा और उनके एक अंगरक्षक की उनके काबुल स्थित आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने कहा कि अज्ञात हमलावरों ने शनिवार को अफगानिस्तान के पूर्व सांसद मुर्सल नबीजादा और उनके एक अंगरक्षक की हत्या को अंजाम दिया। मुर्सल नबीज़ादा उन कुछ महिला सांसदों में से थीं, जो अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता पर क़ब्ज़ा करने के बाद काबुल में रुकी थीं। यह पहली बार है जब पिछले प्रशासन के किसी सांसद को अधिग्रहण के बाद से शहर में मार दिया गया है। स्थानीय पुलिस प्रमुख मोलवी हमीदुल्ला खालिद ने एएफपी के हवाले से कहा कि नबीजादा



और उनके गार्ड की शनिवार तड़के करीब तीन बजे उसी कमरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसने कहा कि उसका भाई और एक दूसरा सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। तीसरा सुरक्षाकर्मी रुपये और जेवरात लेकर मौके से फरार हो गया। पूर्व विधायक का उनके घर की पहली मंजिल पर निधन हो गया, जिसे वह अपने कार्यालय के रूप में इस्तेमाल करती थीं। खालिद ने कहा कि जांच चल रही है। उन्होंने संभावित उद्देश्यों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। काबुल पुलिस के प्रवक्ता खालिद जादरान ने कहा, नबीजादा और उनके एक अंगरक्षक की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुरक्षा बलों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।' उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का एक भाई भी हमले में घायल हो गया था, जो शनिवार और रविवार की रात के दौरान हुआ था। पूर्व सांसद मरियम सोलेमानखिल ने ट्विटर पर कहा कि नबीज़ादा अफगानिस्तान के लिए निडर चैंपियन थे।

## ग्वाटेमाला में माया सभ्यता से जुड़े एक बड़े रहस्य का खुलासा

ग्वाटेमाला शहर। दुनिया की सबसे रहस्यमय सभ्यताओं में से एक माया सभ्यता कैसे खत्म हो गई इस सीक्रेट का व्यापक शोध के बाद भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। अब लैटिन अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में माया सभ्यता से जुड़े एक बड़े रहस्य का खुलासा हुआ है। अब तक माना जाता रहा था कि माया सभ्यता के लोग दूर-दूर बसते थे। अब ग्वाटेमाला के वर्षावनों में 2000 साल पुराने शहर कस्बे और गांवों की बड़ी खोज हुई है। इससे पता चलता है कि माया सभ्यता के लोग ये बहुत ही घनी आबादी में और संगठित समाज में रहते थे।



डोनेस्क से रुसी ठिकानों पर एंटी एयरक्राफ्ट गन से गोले दागते हुए यूक्रेनी सैनिक।

## रुसी सैनिकों की पुतिन से गुहार माइनस 25 डिग्री तापमान में जंग लड़ना दूभर हो रहा

मास्को। रूस-युक्रेन युद्ध उस मोड़ पर आ गया है जहां ताकतवार रूस को उसके सैनिकों से ही विद्रोह की धमकी मिल रही है। एक वीडियो जारी कर रूसी सैनिकों ने रुसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को संदेश दिया है। इस वीडियो में रूसी सैनिकों ने कहा कि वे दुश्मन देश से लड़ने के साथ-साथ कड़ाके की खतरनाक ठंड के जोखिम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त राशन और व्यवस्था के बिना माइनस 25 डिग्री तापमान में जंग करना दूभर हो रहा है।

रूसी मीडिया के मुताबिक रुसी अधिकारियों ने पुष्टि की हैं कि रूसी सैनिकों के पास राशन और सैन्य हथियारों की कमी हो गई है। जिससे सैनिकों का मनोबल और जंग लड़ने की क्षमता कम हो रही है। खराब मौसम और कम होते राशन की चिंता जाहिर करते हुए सैनिकों ने पुतिन से व्यक्तिगत से बाबत कदम उठाने की मांग की है। वीडियो मैसेज के जरिए रूसी सैनिकों ने कहा यहां अब माइनस 25 डिग्री है। हमें यहां बर्फ में रहना है। इसलिए राशन और हथियार की पूरी व्यवस्था की जाए। रूसी सैनिकों ने अपने बटालियनों की लीडरशिप पर भी सवाल उठाया। सैनिकों ने कहा कि हमारे ऊपर के अधिकारी हमें धमकाते रहते हैं। इसतरह के माहौल में जंग लड़ना काफी मुश्किल होगा। सैनिकों ने पुतिन से गुजारिश की है कि स्थिति को सुधारने की जरूरत है।

## पोखरा में 'प्रचंड' मिस्टेक, क्या है एयरपोर्ट का चीनी कनेक्शन, 23 सालों में नेपाल ने देखे 17 विमान हादसे

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के पोखरा में प्लेन क्रैश को लेकर कुछ ऐसी बातें सामने आई हैं जिनसे हादसे की वजहों तक पहुंचा जा सकता है। जिस वक्त ये हादसा हुआ था उस समय मौसम साफ था। प्लेन की लैंडिंग को लेकर एटीसी और पायलट के बीच कोई कन्फ्यूजन था। जिस तरह आखिरी वक्त में पायलट और एटीसी के बीच बातचीत हुई थी। उसको लेकर हादसे को लेकर कुछ संकेत भी मिल रहे हैं। नेपाल की सिविस एविएशन ऑथरिटी के अनुसार हादसे के लिए मौसम जिम्मेदार नहीं था, क्योंकि रविवार को मौसम साफ था। विमान हादसा खराब मौसम नहीं बल्कि तकनीकि खराबी की वजह से हुआ है। विमान के पायलट ने एटीसी से लैंडिंग के लिए परमीशन भी ले ली थी। पोखरा एटीसी की ओर से लैंडिंग के लिए ओके भी कह दिया गया था। नेपाल की सिविस एविएशन ऑथरिटी का कहना है कि



लैंडिंग से ठीक पहले विमान में आग की लपटें दिखाई दी थी।

**चीन की मदद से बना था एयरपोर्ट**

नेपाल का एटीआर 72 ट्विन इंजन टर्बो प्रॉप प्लेन हैं। इसे फ्रांस और इटली की कंपनी ने बनाया है। 72 यात्री ले जाने में सक्षम टीआर 72 की अधिकतम स्पीड 309 मील प्रति घंटा है। इसके अलावा सवाल पोखरा एयरपोर्ट को लेकर भी पूछे जा रहे हैं। दरअसल, जिस पोखरा एयरपोर्ट के पास प्लेन लैंडिंग से पहले क्रैश हुआ। उस एयरपोर्ट का निर्माण चीन ने किया है। एयरपोर्ट का उद्घाटन हाल ही में पुष्प कमल दहल प्रचंड ने किया था। ये महत्वपूर्ण परियोजना चीन की महत्वकांक्षी बेल्ड एंड रोड इनिसिएटिव सहयोग (बीआरआई) का हिस्सा थी।

**नेपाल में हाल के दिन में हुए कुछ प्लेन हादसे**

देश में पिछली बड़ी विमान दुर्घटना पिछले साल 29 मई को हुई थी, जब तारा एयर का एक विमान पर्वतीय मुस्तांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें एक भारतीय परिवार के चार सदस्यों समेत इसमें सवार सभी 22 लोगों की मौत हो गई थी।

2016 में इसी एयरलाइन का एक विमान इसी मार्ग पर उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 23 लोगों की मौत हो गई थी।

मार्च 2018 में, त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में 51 लोगों की मौत हो गई।

सितंबर 2012 में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करते समय सीता एयर का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई थी।

पोखरा से जोमसोम उड़ान भरते समय एक विमान 14 मई 2012 को जोमसोम हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमे 15 लोगों की मौत हो गई थी।



## अमेरिका में अब क्या होगा, बाइडेन पर चलेगा केस, जाएगी राष्ट्रपति की कुर्सी?

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के घर की तलाशी ली गई है और उनके ऑफिस व घर से ऐसे दस्तावेज बरामद किए गए हैं जो गोपनीय हैं। जिन्हें जो बाइडेन अपने पास रख नहीं सकते थे। लेकिन फिर भी उन्होंने इन दस्तावेजों को अपने पास रखा और इस घटना की वजह से जो बाइडेन की कुर्सी खतरे में आ गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन कानूनी फेर पर फंसते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निजी घर से टॉप सीक्रेट डॉक्यूमेंट बरामद किए गए हैं। बाइडेन पर आरोप है कि उन्होंने गैर कानूनी तरीके से ये ये दस्तावेज अपने पास रखे। सबसे पहले आपको पूरा मामला समझाते हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर के 19 जनवरी को श्रीलंका के दौरे की संभावना, ऋण पुनर्गठन पर होगी वार्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर की आगामी कोलंबो यात्रा के दौरान श्रीलंका भारत के साथ ऋण पुनर्गठन पर वार्ता करेगा। श्रीलंका दशकों के सबसे गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब डॉलर के 'ब्रिज लोन' को सुरक्षित करने की कोशिश के साथ चीन, जापान और भारत से वित्तीय आश्वासन प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है। आईएमएफ बेलआउट पैकेज को रोक दिया गया है क्योंकि श्रीलंका इस सुविधा के लिए वैश्विक ऋणदाता की शर्त को पूरा करने के संबंध में कर्ज देने वाले देशों के साथ बातचीत कर रहा है।

शनिवार को ट्रेड यूनियन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा कि उनकी सरकार ने जापान के साथ ऋण पुनर्गठन वार्ता पूरी कर ली है और इस महीने भारत के साथ ऐसी बैठक करेगी। विक्रमसिंघे ने कहा, ''19 जनवरी को, भारत के विदेश मंत्री के दौरे पर आने की उम्मीद है और हम भारत के साथ ऋण पुनर्गठन वार्ता जारी रखेंगे।'' जयशंकर की कोलंबो यात्रा के विवरण की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उनके श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत करने की संभावना है। जरूरत के समय भारत ने पिछले साल कोलंबो को लगभग चार अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी थी।

भारत ने वित्तीय संकट के सामने आने के बाद श्रीलंका को अपने समाप्त हो रहे विदेशी भंडार को बनाए रखने के लिए 90 करोड़ डॉलर का ऋण देने की घोषणा की। भारत ने ईंधन खरीद के लिए श्रीलंका को 50 करोड़ डॉलर की 'क्रेडिट लाइन' की भी पेशकश की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 'क्रेडिट लाइन' को बाद में बढ़ाकर 70 करोड़ डॉलर कर दिया गया। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा है कि श्रीलंका के पास एकमात्र विकल्प आईएमएफ से बेलआउट पैकेज का है। राष्ट्रपति ने कहा कि वह 3-4 किस्त में आईएमएफ मदद मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने ट्रेड यूनियन नेताओं से कहा, ''मैं इस देश को जल्द से जल्द संकट से बाहर निकालना चाहता हूं।'' श्रीलंका 2022 में अभूतपूर्व वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने के साथ देश में राजनीतिक उथल-पुथल मच गई, जिसके कारण राजपक्षे परिवार को सत्ता से हटना पड़ा।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूएई के दौरे पर, हथियार समझौते की संभावना

**सियोल। (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दौरे पर रविवार को गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यून ने सैन्य साजो-सामान के समझौते के विस्तार की उम्मीद जताई है। यून की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब दक्षिण कोरिया ने यूएई के साथ अरबों डॉलर के व्यापारिक करार कर रखे हैं और संयुक्त अरब अमीरात की रक्षा के लिए विशेष बलों के सैनिकों की तैनाती के समझौते को लेकर उसकी आलोचना हो रही है। यून रविवार को अबू धाबी के कसर अल वतन पैलेस पहुंचे। यून का यूएई के नेता शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने स्वागत किया, जिन्होंने पिछले साल मई में पदभार संभाला था। यून और उनकी पत्नी किम केओन के आगमन पर सेना द्वारा उन्हें सलामी गारद पेश किया गया। एक सैन्य बैंड ने दक्षिण कोरियाई और यूएई के राष्ट्रगान बजाए। समारोह के बाद, दक्षिण कोरिया की 'योनहाप' समाचार एजेंसी ने शेख मोहम्मद के हवाले से कहा कि यूएई ने दक्षिण कोरिया में 30 अरब डॉलर का निवेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा, ''हमने कोरिया गणराज्य में विश्वास के साथ निवेश करने का फैसला किया है जो सभी परिस्थितियों में अपने वादे को निभाता है।'' यून की सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के निदेशक किम सुंग-हान ने कहा, ''यह यात्रा हमारे मित्र देश यूएई के साथ परमाणु ऊर्जा, ऊर्जा, निवेश और रक्षा के चार प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करेगी।'' शनिवार को, 'योनहाप' एजेंसी ने राष्ट्रपति कार्यालय के एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से यह भी कहा कि हथियार समझौते की योजना बनाई गई है। एक अधिकारी ने कहा, ''हथियार उद्योग से जुड़े दक्षिण कोरिया और यूएई के बीच सुरक्षा या सैन्य सहयोग के लिए माहौल काफी समझदारीपूर्ण है।

## क्रिटिक्स च्वाइस अवाड्र्स में फिर आआरआर जलवा राजामौली ने कहा...मेरा भारत महान

**लॉस एंजिलिस (एजेंसी)।** एस.एस. राजामौली ने 28वें क्रिटिक्स च्वाइस अवाड्र्स में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत और सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म जीतकर भारत को फिर गौरवान्वित किया है। उन्होंने अपने जीवन में सभी महिलाओं को सम्मान समर्पित किया और अपने स्वीकृति भाषण के दौरान मेरा भारत महान कहा। क्रिटिक्स चॉइस अवार्ड जीत 80वें गोल्डन ग्लोब्स में सुर्खियां बटोरने के ठीक बाद आई है। उनकी फिल्म आरआरआर सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म थी और इसके ट्रैक नातु नातु ने एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का सम्मान हासिल किया।

फिल्मकार राजामौली की फिल्म 'आरआरआर ने विश्व मंच पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए 'क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स' (सीसीए) में सर्वश्रेष्ठ विदेशी की फिल्म और 'नाटु नाटु' के लिए सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार अपने नाम कर लिया है। 'क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स' में 'आरआरआर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (राजामौली)



सर्वश्रेष्ठ विदेशी की फिल्म सर्वश्रेष्ठ विजुएल इफेक्ट्स (वी श्रीनिवास मोहन) और सर्वश्रेष्ठ गीत (नाटु नाटु) की श्रेणी में नामित थी।

राजामौली ने इस पुरस्कार को अपनी मातृभूमि भारत और अपने जीवन की हर उस महिलाओं को समर्पित किया जिन्होंने कला क्षेत्र में उनके सफर का हमेशा समर्थन किया।

राजामौली ने पुरस्कार स्वीकार कर कहा मेरी जिंदगी में शामिल सभी महिलाओं...मेरी मां राजनंदनी जिन्हें लगता था कि शिक्षा को जरूरत से अधिक महत्व दिया जाता है और इसलिए उन्होंने मुझे किताबें और कॉमिक्स पढ़ने के लिए कहा। उन्होंने मेरी कला को बढ़ावा दिया। मेरी भाभी श्रीवल्ली जो मेरी मां की तरह हैं.. उन्होंने हमेशा मुझे बेहतरीन करने के लिए प्रेरित किया।'' उन्होंने कहा '' मेरी पत्नी रमा जो मेरी फिल्मों की 'कॉस्ट्यूम डिजाइनर' हैं लेकिन वास्तव में उन्होंने मेरे जीवन को आकार दिया है। अगर वह नहीं होती तो मैं यहां नहीं होता। मेरी बेटियां वे कुछ नहीं करती लेकिन उनकी मुस्कुराहट मेरी जिंदगी में रोशनी बिखरने के लिए काफी है और अंततः मेरी मातृभूमि भारत...मेरा भारत महान। जय हिंद।'' 'क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स' (सीसीए) 2023 की मेजबानी चेल्सी हैंडलर ने की। 23वें सीसीए में सबसे अधिक 14 श्रेणी में नामित 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (के हुय क्वान) सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट) और सर्वश्रेष्ठ ओरिज़िनल स्क्रीनप्ले और सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग का पुरस्कार अपने नाम किया।

## इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति जल्द ही शहबाज शरीफ को विश्वास मत का सामना करने के लिए कहेंगे

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि राष्ट्रपति आरिफ अल्वी जल्द ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से विश्वास मत का सामना करने के लिए कहेंगे। खान का यह बयान ऐसे समय आया है जब उन्होंने देश में मध्यावधि चुनाव के लिए सरकार पर दबाव बनाने के प्रयास तेज कर दिये हैं। खान ने यहां मीडिया से बातचीत और शनिवार को 'हम न्यूज टीवी' के साथ साक्षात्कार में कहा, ''शहबाज शरीफ ने पंजाब में हमारी परीक्षा ली थी और अब यह साबित करने की बारी उनकी है कि उनके पास नेशनल असेंबली में बहुमत है या नहीं।''

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ अध्यक्ष खान ने संघीय गठबंधन में मतभेदों का हवाला देते हुए कहा, ''पहले शहबाज शरीफ विश्वास मत की परीक्षा दें...और बाद में हमारी उनके लिए दूसरी योजना हैं।'' गौरतलब है कि मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने कराची और हैदराबाद में स्थानीय निकाय चुनावों के मुद्दे पर गठबंधन छोड़ने की धमकी दी है। राष्ट्रपति अल्वी, खान की पीटीआई पार्टी के हैं और संघीय गठबंधन बेहद मामूली बहुमत पर चल रहा है। नेशनल असेंबली में एमक्यूएम-पी के सात सदस्य हैं और अगर वह गठबंधन छोड़ने का फैसला करता है तो शहबाज सरकार बरकरार नहीं रह सकती।

खान देश में मध्यावधि चुनाव कराने पर जोर दे रहे हैं। खान ने कहा कि नए सिरे से चुनाव ही मुल्क को आर्थिक संकट से बाहर निकाल सकता है। बहरहाल, संघीय सरकार का कहना है कि अगस्त में सरकार का कार्यकाल पूरा होने के बाद ही आम चुनाव कराए जाएंगे। इस बीच, पाकिस्तान में पंजाब के राज्यपाल बालीगुर रहमान द्वारा मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही की सलाह पर हस्ताक्षर करने से इनकार किए जाने के 48 घंटे बाद पंजाब विधानसभा संविधान के अनुसार शनिवार शाम भंग हो गई।

इलाही ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की ''इच्छा'' के अनुसार विधानसभा भंग करने की सलाह बृहस्पतिवार को भेजी थी। राज्यपाल ने इस सलाह पर हस्ताक्षर नहीं किए। इसके बाद संविधान के अनुसार राज्यपाल को सलाह भेजे जाने के 48 घंटे बाद विधानसभा भंग हो गई। खान ने कहा कि कुछ दिन में खैबर



पख्तूनख्वा असेंबली भी भंग की जाएगी।

इस बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नेता नवाज शरीफ ने लंदन से वीडियो लिंक के जरिए शनिवार शाम को लाहौर में पार्टी की एक बैठक की अध्यक्षता की। वह नवंबर 2019 से ही लंदन में हैं। पीएमएल-एन की प्रवक्ता और संघीय सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा, ''नवाज शरीफ ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पंजाब में चुनाव की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को टिकट वितरित करने के लिए एक संसदीय बोर्ड गठित करने के लिए भी कहा है।

# 4 साल में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मिली कई हार,आखिर कब लेंगे हार का जिम्मा?

## आजीवन जिलाध्यक्ष कहलाने की उपाधि तो कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ले लिए पर क्या अजीवन जीत दिलाने का जिम्मा लेंगे ?

» कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में बिखर चुकी है जिला कांग्रेस की टीम

» न तो जिलाध्यक्ष बागी पर कार्यवाही कर पा रहे और ना प्रदेश कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर कार्यवाही कर पा रही

» आखिर क्यों निरंकुश हो चुके हैं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अपने ही सत्ता में?

» जिलाध्यक्ष किस के हाथ की कठपुतली बने हैं यह भी एक बड़ा प्रश्न है अपनी तो उनकी चलती नहीं?



- रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले में सत्ताधारी दल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को आजीवन कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष कहा जाने लगा है वैसे जिलाध्यक्ष लगातार पार्टी को जीत दिला पाने में असफल साबित हो रहे हैं फिर भी वह हार की जिम्मेदारी नहीं ले रहें हैं और न ही जिम्मेदारी लेते हुए वह पद छोड़ने की ही बात कर रहें हैं। बता दें की कोरिया जिले का विभाजन भी हुआ और अविभाजित कोरिया जिले के जिलाध्यक्ष रहते हुए भी इन्होंने एकबार भी जिला विभाजन का विरोध नहीं किया और न ही इन्होंने पार्टी के ही अन्य विधायकों को जो इन्हीं के दल के हैं को विश्वास में लेने का प्रयास किया जिससे जिला विभाजन रुक सके और कोरिया का अस्तित्व बचा रह सके। चार साल सत्ता के कार्यकाल में भी जिलाध्यक्ष पद की शोभा बढ़ा रहे जिलाध्यक्ष स्थानीय चुनावों में पार्टी को जीत नहीं दिला सके और जनपद की बात हो जिला पंचायत की बात हो नगरपालिका की बात हो या जिला पंचायत के उप चुनाव की ही बात हो सभी चुनावों में पार्टी लगातार हारती रही और कई बार स्पष्ट बहुमत के बावजूद भी कांग्रेस पार्टी स्थानीय चुनाव में हार का सामना कर गई और जिलाध्यक्ष कुछ नहीं कर सके। वैसे जिलाध्यक्ष को हमेशा शांत गंभीर एवम अपने ही काम से मतलब रखने वाला कहा जाए तो बेहतर होगा जिलाध्यक्ष रहते इन्होंने न तो पार्टी में ही आपसी सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया और न ही कांग्रेसियों को यह एकजुट कर सके।

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपनी ही पार्टी की जनपद उपाध्यक्ष के मान सम्मान के लिए कुछ नहीं कर पा रहे क्यों?**

चार साल सत्ता के कार्यकाल में जिलाध्यक्ष का कार्यकाल यदि देखा जाए तो ऐसा रहा जैसे इन्हे जिलाध्यक्ष ही नहीं मानते हों जिले के कांग्रेसी। कई बार कांग्रेसियों ने अपनी ही सरकार में आंदोलन का ज्ञापन दिया कई बार आंदोलन भी किया शासन के विरुद्ध मुखर होते रहे लेकिन जिलाध्यक्ष का नियंत्रण किसी पर भी नहीं रहा। अभी हाल ही में जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव हुआ कांग्रेसी शामिल हुए दिनभर विपक्ष की तरह कांग्रेसी आंदोलन करते रहे जिलाध्यक्ष ने सुध नहीं ली बशर्ते शाम होते ही पार्टी से मामले को किनारे करना उन्होंने सही माना और वही किया उन्होंने। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अपनी ही पार्टी की जनपद उपाध्यक्ष के मान सम्मान के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं और जनपद उपाध्यक्ष को भाजपा का सहारा लेना पड़ रहा है जबकि जिलाध्यक्ष चाहते तो जनपद उपाध्यक्ष की भी शिकायतों का समाधान हो जाता और पार्टी में भी उनका सम्मान रह जाता और कुछ नहीं तो जनपद उपाध्यक्ष सहित सीईओ के बीच वार्ता कर ही जिलाध्यक्ष कोई निर्णय निकलवा सकते थे लेकिन उन्होंने नहीं किया।

**क्या जिलाध्यक्ष का एक ही प्रयास शादी घर निर्माण?**

सत्ता रहते जिलाध्यक्ष का प्रयास यही दिखता है की उनका निर्माणाधीन शादी घर बनकर तैयार हो जाए और उनका मुख्य काम पूर्ण हो जाए। जिलाध्यक्ष का अधिकांश समय अपने ही निजी कामों में व्यतीत होता है इसीलिए कोरिया जिले में कांग्रेस संगठन नाम की कोई चीज नजर नहीं आती। वैसे जिलाध्यक्ष पर लगातार आरोप लगते चले आए हैं और बावजूद उसके उन्हे न तो पार्टी ने पद से हटाया न उन्होंने ही विमुख होने कोई बात कही। सत्ता का सुख वैसे उन्हे भी अपने लम्बे जिलाध्यक्ष कार्यकाल के बाद मिला है और वह भी विपक्ष में रहकर जिलाध्यक्ष रह चुके हैं और सत्ता के सुख से वंचित भी अब जब उन्हें सत्ता सुख मिला है वह ऐसे ही कैसे उसे जाने दें यह भी सवाल उठता है इसीलिए वह पद पर बने रहकर अपने काम में व्यस्त रहना सीख चुके हैं।

# रेत दुलाई में लगे टिपर ने आधा दर्जन से अधिक वाहनों को किया क्षतिग्रस्त







-संवाददाता-

**कोरबा 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** कोरबा शहर के भीतर दौड़ते भारी वाहनों की रफ्तार अब आंतरिक सड़कों तथा आवासीय कॉलोनी क्षेत्रों में भी तेज होने लगी है। एक तरफ जहाँ यातायात विभाग द्वारा सड़क पर सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की बात कही जा रही है वहीं भारी वाहनों के परिचालन को लेकर नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ढ्ढ ऐसे ही एक भारी वाहनों के चालक ने ट्रांसपोर्ट नगर यातायात चौकी और सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र के मध्य इंदिरा विहार आवासीय कॉलोनी में कहर ढाया। ढ्ढ बरमपुर निवासी रेत कारोबारी कादिर खान की रेत परिवहन के लिए यह वाहन लगा हुआ था ,जिसका चालक ने रेत से भरे टिपर को इंदिरा विहार कॉलोनी के भीतरी मार्ग से ले जाते वक्त बाइक और कार सहित कुल 08 वाहनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया । स्थानीय लोगों ने वाहन को रोककर चालक को पकड़ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सहायता केंद्र के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और चालक के साथ रेत वाहन को अपने कब्जे में लिया। यह रेत और रेत का परिवहन वैध है या अवैध इसका तो पता नहीं क्योंकि एक ही रॉयल्टी पर्ची पर शहर में कई बार रेत की धुलाई की जा रही है। जिससे सरकार के राजस्व को नुकसान तो पहुंचाया जा रहा है वही जिला के माइनिंग विभाग इसकी रोकथाम में ज्यादा कुछ खास नहीं कर पा रही है। सड़क सुरक्षा सप्ताह में यातायात विभाग की जागरूकता को भी ऐसे लापरवाह और मौकापरस्त लोग ठेंगा दिखा रहे हैं। इस मामले में जिनके वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें क्षतिपूर्ति देने पर सवाल कायम है कि कौन देगा ? और क्या वाहन के मालिक और रेत परिवहन कराने वाले के विरुद्ध कोई वैधानिक कार्रवाई की जाएगी? वैसे बता दे कि इन दिनों शहर में राखड़ और रेत के कारोबार व परिवहन में लगे लोगों के संरक्षण में खूब मनमानी चलाई जा रही है यहाँ तक के अनेक वाहनों के मालिक,उनके चालक नियम-कायदों को अपनी जेब में लेकर चल रहे हैं ढ्ढ यही कारण है के दिन प्रतिदिन इनके हौसले बुलंद होते जा रहे है और सम्बंधित विभाग इनके सामने बिबस होता जा रहा है ।

# ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत नाबालिग बालिका को गोरखपुर उत्तरप्रदेश से किया गया बरामद

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत वर्ष 2022 में 165 बालक बालिकाओं की हुई बरामदगी

-संवाददाता-

**कोरबा 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** पुलिस सहायता केंद्र मानिकपुर में दिनांक 12 .01. 2023 को सूचना प्राप्त हुआ कि एक 13 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई है ढ्ढ एक दिन पूर्व सारंगढ़ निवासी लोकेश कर्ष से बातचीत करते हुए देखी गई थी । मामले में पुलिस सहायता केंद्र मानिकपुर में गुम इंसान एवं धारा 363 भादवि के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग बालिका की तलाश शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण , थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के नेतृत्व में ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत नाबालिग बालिका के बरामदगी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया विशेष टीम के द्वारा नाबालिग बालिका के संबंध में पतासाजी करने पर ज्ञात हुआ कि नाबालिग बालिका किसी अनजान लड़के के साथ मोटरसाइकिल में चांपा की ओर जाते हुए देखी गई है इस आधार पर मोटरसाइकिल सवार लोकेश कर्ष होने की संभावना पर एक टीम लोकेश कर्ष के निवास स्थान पर भेजा गया लोकेश कर्ष घर पर नहीं मिला, जिससे संदेह पुख्ता हो गया कि लोकेश कर्ष के साथ ही नाबालिग लड़की गई है । टीम द्वारा रेलवे स्टेशन चांपा का फुटेज खंगालने पर पाया कि नाबालिग बालिका आरोपी लोकेश कर्ष एवं एक अन्य नाबालिग के साथ ट्रेन में सवार होकर बिलासपुर की ओर गई है । बिलासपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस में सवार हुई है ढ्ढ इस आधार पर एक



टीम को तत्काल दिल्ली की ओर रवाना किया गया सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर नाबालिग बालिका की तलाश करते हुए टीम गोरखपुर पहुंची, जहां गोरखपुर बस स्टैंड के पास नाबालिग बालिका , आरोपी लोकेश कर्श व एक अन्य नाबालिग को बरामद किया गया । कोरबा पुलिस की टीम 13 वर्षीय गुम नाबालिग बालिका, आरोपी लोकेश कर्ष व एक अन्य नाबालिग को बरामद कर वापस लेकर आ रहे हैं । मामले में नाबालिग बालिका के बयान के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

बता दे कि पुलिस द्वारा नाबालिगों के गुम होने के मामले को अति संवेदनशील और गंभीर मामला माना जाता है अतः प्रत्येक मामले में नाबालिग का अपहरण होने की दृष्टिकोण से देखा जाकर तत्काल अपहरण के धारा 363 भादवि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया जाता है । पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक मामले में विशेष टीम का गठन कर तत्काल बरामदगी हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है । इस अभियान के अंतर्गत जैसे ही किसी बालक या बालिका के गुम होने की रिपोर्ट प्राप्त होती है, पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग के बरामदगी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया जाता है जब तक नाबालिग की बरामदगी नहीं हो जाती , तब तक विशेष टीम लगातार उस मामले में कार्य करती है ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत वर्ष 2022 में कुल 165 नाबालिकों को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली , जिनमे 36 बालक एवं 129 बालिकाएं हैं । पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम नाबालिक बच्चों को बरामद करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नकद इनाम की राशि से पुरस्कृत के साथ ही उन्हें Cop of the month पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 जनवरी को रंजना व नोनबिर्रा के जनता से करेंगे भेंट मुलाकात

-संवाददाता-

**कोरबा 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के रंजना व नोनबिर्रा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनता से भेंट मुलाकात करेंगे। गांव के अस्थायी हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरेगा। प्रशासन द्वारा पार्किंग स्थल बनाए जाने समेत अन्य तैयारी कर ली गई पूरी। क्षेत्रीय विधायक पुरूषोत्तम कंवर, कलेक्टर संजीव झा, एसपी संतोष सिंह ने स्थल का जायजा लिया । पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के पिपरिया व लाफा के बाद 17 जनवरी को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के रंजना व नोनबिर्रा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम करेंगे। लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को



सुनेंगे। साथ ही राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजना से लाभान्वित हितग्राहियों से भी चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री के प्रवास के मद्देनजर पुलिस द्वारा कार्यक्रम स्थल पर चाक-चौबंद व्यवस्था रहेगी। प्रशासन की ओर से जरूरी तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

# पालिका कर्मचारियों को 5 माह से नहीं मिला वेतन,वेतन दिलाने समाजसेवी ने पालिका के सामने खोली निःशुल्क सब्जी व राशन दुकान

-संवाददाता-

**चिरमिरी 16 जनवरी 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के कर्मचारियों का 5 माह से वेतन नहीं मिला है। इस पर समाजसेवी चंदन गुप्ता ने नगर पालिक निगम चिरमिरी के मुख्य द्वार के सामने निगम कर्मचारियों के लिए निःशुल्क राशन एवं सब्जी की दुकान खोलकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी के कर्मचारियों को विगत 5 माह से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण चिरमिरी के सब्जी व्यवसाई एवं समाजसेवी का



अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला है। यहां के चंदन गुप्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर नगर पालिक निगम चिरमिरी के मुख्य द्वार के सामने निःशुल्क सब्जी और राशन की दुकान खोलकर प्रशासन के सामने अपना अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है।

**समाधान नहीं निकाल रही पालिका**

क्या कहते समाजसेवी- चंदन गुप्ता ने कहा कि नगर पालिक निगम के कमिश्नर नगर निगम के कर्मचारियों के वेतन से संबंधित किसी भी प्रकार की समाधान करा पाने में पूरी तरह से निष्क्रिय दिखाई पड़ रहे हैं, जिसके कारण से नगर निगम के कर्मचारियों की हालत दिन ब दिन खराब हो रही है, लेकिन 5 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण कोई ठोस उपाय भी निगम प्रशासन नहीं निकाल रहा है।

**प्रशासन और राज्य सरकार को जगाने का तरीका**

इसे लेकर नगर निगम चिरमिरी के सामने निःशुल्क सब्जी और राशन की दुकान खोल कर कर्मचारियों को वितरण करते हुए प्रशासन एवं राज्य सरकार को जगाने की कोशिश की जा रही है, ताकि नगर पालिक निगम चिरमिरी के कर्मचारियों के वेतन का बकाया भुगतान जल्द कराया जाए। साथ ही नियमित वेतन का भुगतान शासन प्रशासन द्वारा कराया जाना चाहिए।

# खाद्य मंत्री ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन



**अम्बिकापुर 16 जनवरी 2023।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने सोमवार को बतौली जनपद के ग्राम पंचायत शिवपुर में लगभग 26 करोड़ 70 लाख की लागत से बनने वाले सड़क का भूमिपूजन किया। लोक निर्माण विभाग के द्वारा करीब 19.50 किलोमीटर लुण्ड्रा-गणवीरा-बिलासपुर सड़क उन्नयन एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा।

खाद्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिनों से इस बहुप्रतीक्षित सड़क को बनवाने की मांग चल रही थी। सड़क बन जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा। हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे पहले किसानों की खुशहाली के लिए ऋणमाफी का फैसला किया। इसके पश्चात सभी किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी में अतिरिक्त राशि 500 रुपये राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत प्रदान किया। पूरे देश मे सबसे ज्यादा धान का दाम छत्तीसगढ़ में दिया जा रहा है। कोरोनाकाल में जहां लोग एक दूसरे को हाथ लगाने से डरते थे हमने स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सभी लोगों की सेवा की। शासन ने मुझे खाद्य विभाग की जिम्मेदारी दी। छत्तीसगढ़ में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोये। हमने अमीर हो या गरीब सभी का राशन कार्ड बनाया गया। कोरोना काल से लेकर अब तक सभी पात्र राशनकार्ड धारियों को निःशुल्क चावल का वितरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रदीप गुप्ता, एसडीएम श्री रवि राही, तहसीलदार श्रीमती नीलू भगत, जनपद सीईओ श्री विजयनारायण श्रीवास्तव, बीईओ श्री मेशपाल तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

क्र0/33/NHM/2023 रामानुजनगर दिनांक 14/01/23

**निविदा आमंत्रण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकासखण्ड रामानुजनगर में समस्त मितानिनों को 27 वां चरण 06 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण होना है जिसके लिए भोजन चाय नास्ता व्यवस्था हेतु अधिकतम राशि 135.00 रू0 एवं रात रूकने की व्यवस्था (गद्दा, चादर, तकिया, कंबल, पंखा, कुलर, एवं इमरजेंसी लाईट आदि) हेतु अधिकतम राशि 25.00 रूपये प्रति प्रशिक्षणार्थी/ प्रति दिवस हेतु प्रदान करने के लिए मोहरबंद निविदा भोजन के लिए पंजीकृत स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामग्री हेतु ऐसे फर्म का जिनकी जी0एस0.टी0/पंजीयन नंबर/खाद्य विभाग का लाईसेंस आदि होना अनिवार्य है ऐसे समूह/फर्म से मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक स्वयं सहायता समूह/ फर्म कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी रामानुजनगर में दिनांक 29.01.2023 को कार्यालयीन समय तक प्राप्त कर सकते हैं।

1.निविदा प्रपत्र का मूल्य :-राशि रू0 1000.00

2.निविदा की पद्धति :- निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट या स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी (मधुर कोरियर या स्वयं उपस्थित होकर निविदा जामा करने पर स्वीकार नहीं की जावेगी)।

3.निविदा बिक्री की अंतिम तिथि :- 29.01.2023 कार्यालयीन समय तक ।

4.निविदा जमा करने की तिथि एवं समय-01.02.2023 दोपहर 03:00 बजे तक।

5.निविदा खोलने की तिथि एवं समय -01.02.2023 दोपहर 03.:00 बजे के पश्चात्।

नोट :- निविदा फार्म के साथ नियम व शर्त कार्यालय में स्वयं या अपने प्रतितिधि के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने पर उपलब्ध कराई जायेगी।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ0ग0)**



सेवा में,

श्रीमान उपपंजीयक महोदय
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

आवेदकः- विनित विशाल जायसवाल आ0 स्व0 गिरधारीलाल जायसवाल उम्र लगभग 52 वर्ष, जाति जायसवाल निवासी नगर अम्बिकापुर रामानुजगंज रोड थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

प्रति

अनावेदकगणः-

1. सुरेश प्रसाद जायसवाल आ0 हजारीलाल जायसवाल उम्र 88 वर्ष,
2. विवेक जायसवाल आ0 सुरेश प्रसाद जायसवाल उम्र 52 वर्ष
3. डॉ0 वैभव जायसवाल आ0 सुरेश प्रसाद जायसवाल उम्र48 वर्ष, सभी जाति जायसवाल निवासी नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

विषयः- बिकीनामा रजिस्ट्री के पंजीयन पर रोक लगाये जाने बावत

महोदय,

आवेदक का निम्न निवेदन प्रस्तुत हैः-

1. यह कि आवेदक के स्व0 पिता गिरधारीलाल जायसवाल के द्वारा अर्जित भूमि नगर अम्बिकापुर थाना व तहसील में एवं ग्राम खाला एवं ग्राम कण्ठी थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा छ0ग0 में स्थित है।

2. यह कि अंकित भूमि को अनावेदगणो के द्वारा कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से अपने नाम से करा लिया गया है तथा अंकित ग्राम के भूमि को उनके द्वारा विक्रय भी कर चुका है तथा विक्रय किये जाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

3. यह कि आवेदक के जानकारो होने के पश्चात आवेदक के द्वारा अंकित भूमि के संबंध में अनावेदकगणो के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ0ग0 के समक्ष रिट याचिका दायर किया गया है जिसका अपील क्रमांक 400/2019 जहा से अनावेदकगणो के नाम से नोटिस जारी किया गया है तथा अनावेदकगणो को नोटिस भी प्राप्त हो गया है जिसकी पेशी दिनांक-19.01.2023 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि अंकित ग्राम की भूमि अनावेदकगणो के द्वारा विक्रय किया जाता है तो उसके विक्रय पत्र पंजीयन पर रोक लगाये जाने की कृपा की जाये।

अम्बिकापुर
दिनांक-13/01/2023

**विनीत विशाल जायसवाल**
अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0 796/अ-20(1)/2020-21

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदिका जसिन्ता मिंज पति अन्तोनिस मिंज निवासी गॉधीनगर, अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला/ग्राम गाधीनगर, अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नम्बर 27/1 रकबा 30.45 एकड़ में से रकबा 700.29 वर्गमीटर भूमि पर मकान व बाड़ी निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यस्थानपन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश दिनांक 28/01/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

**नजूल तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0/ /अ-20(1)/2020-21

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ शासन राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07/सात-01/2019 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 11/09/2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक/आवेदिका निशा मिश्रा पति रणधीर मिश्रा निवासी ग्राम नमननाकला अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा नगर अम्बिकापुर के मोहल्ला नमनाकला अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 243/1 रकबा 39.04 एकड़ में से 116.8 वर्गमीटर भूमि जिस पर आवेदक के द्वारा दिनांक 20 अगस्त 2017 के पूर्व से मकान कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थनपन/आबंटन बावत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/01/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 13/01/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील

**नजूल तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा (छ.ग.)**

# इंडिया ओपन बैडमिंटन 2023 टूर्नामेंट आज से होगा शुरू




**नई दिल्ली,16 जनवरी 2023।** भारत की राजधानी दिल्ली में देश के सबसे बड़े बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडिया ओपन 2023 की शुरुआत होने जा रही है। यह टूर्नामेंट 17 जनवरी से शुरू होकर और 22 जनवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम काम्पलेक्स में स्थित केडी जाधव इंडोर हॉल में किया जा रहा है। इंडिया ओपन 2023 में भारत, चीन और इंडोनेशिया समेत कुल 22 देशों के लगभग 242 बैडमिंटन खिलाड़ी अपना दमखम दिखाते नजर आएंगे। इस साल पहली बार इंडिया ओपन सुपर 750 स्थिति श्रेणी में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 2008 से लेकर अब तक यह टूर्नामेंट सुपर 500 की श्रेणी में आयोजित हो रहा था।

इंडिया ओपन 2023 शुरू होने में बस एक ही दिन का समय बचा है। ऐसे में चलिए आज हम आपको इसका पूरा शेड्यूल, टॉप सीड, पुरस्कार राशि और टूर्नामेंट से जुडी सभी जरुरी जानकारी दे देते हैं।

### इंडिया ओपन 2023 के मुकाबले दस बजे शुरू होंगे?

बैडमिंटन टूर्नामेंट भारत में आयोजित हो रहा है तो इसके मुकाबले भारतीय समय के अनुसार सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएंगे।

### इंडिया ओपन 2023 के मुकाबले घर बैठे कहां देख सकते हैं?

दर्शक केडी जाधव इंडोर हॉल जाकर इस टूर्नामेंट के मुकाबले देख सकते हैं। इसके अलावा दर्शक घर बैठें टूर्नामेंट देखना चाहते हैं तो वह यूरोस्पोर्ट इंडिया के टीवी चैनल पर इसका सीधा प्रसारण देख सकते हैं। दर्शक बीडब्ल्यूएफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी इंडिया ओपन 2023 की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।

### इंडिया ओपन 2023 में डिफेंडिंग चैंपियन

पुरुष एकल - लक्ष्य सेन (भारत)
महिला एकल - बुसानन ओंगबामरुंगफान (थाईलैंड)
पुरुष युगल - सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी (भारत)
महिला युगल - बेन्यापा एम्सार्ड/नुंटाकर्ण एम्सार्ड (थाईलैंड)
मिश्रित युगल - टेरी ही/टैन वेई हान (इंडोनेशिया)

### इंडिया ओपन 2023 का पूरा कार्यक्रम (सभी श्रेणियों में)

पहला दौर- 17 और 18 जनवरी
दूसरा दौर- 19 जनवरी
क्वार्टर फाइनल- 20 जनवरी
सेमी फाइनल- 21 जनवरी
फाइनल - 22 जनवरी

### इंडिया ओपन 2023 टॉप प्लेयर पुरुष एकल

विक्टर एक्सेलसन- डेनमार्क
ली ज़ी जिया- मलेशिया
लोह कीन यू- सिंगापुर
जोनाथन क्रिस्टी- इंडोनेशिया
चाउ टीएन चेन- ताइवान
एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग- इंडोनेशिया
लक्ष्य सेन- भारत
कुनलावुत वितिदसर्न- थाईलैंड

### महिला एकल

अकाने यामागुची- जापान
एन से-यंग- दक्षिण कोरिया
चेन यू फी- चीन
हे बिंग जिओ- चीन
पीवी सिंधु- भारत
रत्चानोक इंतानोन- थाईलैंड
वांग झियी- चीन
पोर्नपावी चोचुवोंग- थाईलैंड

### पुरुष युगल

ताकुरो होकी/युगो कोबायाशी- जापान
फजर अल्फियन/मुहम्मद अर्दियांतो- इंडोनेशिया
आरोन चिया/सो वूई यिक- मलेशिया
मोहम्मद एहसान/हेंद्रा सेतियावान- इंडोनेशिया
सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी- भारत
किम एस्ट्रुप/एंडर्स रासमुसेन- डेनमार्क
ओंग यू सिन/टीओ ई यी- मलेशिया
मार्कस गिदोन/केविन सुकामुल्जो- इंडोनेशिया

### महिला युगल

चेन किंगचेन/जिया यिफ़ान- चीन
नामी मात्सुयामा/चिहारू शिदा- जापान
किम सो-योंग/कोंग ही-योंग- दक्षिण कोरिया
जियोंग ना-यून/किम हे-जियोंग- दक्षिण कोरिया
जोंगकोल्फोन किथिथ्राकुल/रविंडा प्राजोंगजई- थाईलैंड
झांग शक्सियन / झेंग यू- चीन
ली सो-ही/शिन सेउंग-चान- दक्षिण कोरिया
पर्ल टैन/थिनाह मुरलीधरन- मलेशिया

### मिश्रित युगल

झेंग सिवेई/हैंग याकिओंग- चीन
देचापोल पुवारानुक्रोह/सपिश्री तारातानाचाई- थाईलैंड
युता वातानाबे/अरिसा हिगाशिनो- जापान
वांग यिलियू/हुआंग डोंगपिंग- चीन
सेओ सेउंग-जे/चाए यू-जंग- दक्षिण कोरिया
टैन कियान मेंग/लाई पेई जिंग- मलेशिया
टैंग चुन मैन/त्से यिंग सुएट- हांगकांग
थॉम गिक्वेल/डेल्फ़िन डेलरू- फ्रांस

### इंडिया ओपन 2023 की पुरस्कार राशि

इस टूर्नामेंट में कुल पुरस्कार राशि यूएस डॉलर 850,000 (69,390,619 रुपए) बीडब्ल्यूएफ नियमों के अनुसार वितरित की जाएगी।

# सुरक्षा की भावना के कमी के कारण बड़े टूर्नामेंटों में पिछड़ रहा भारत

**दुबई ,16 जनवरी 2023।** भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि राष्ट्रीय टीम में जगह को लेकर खिलाड़ियों में असुरक्षा की भावना बड़े टूर्नामेंटों के अहम मैचों में टीम के लिए घातक साबित हो रही है। भारत ने अपना पिछला विश्व कप 2011(एकदिवसीय) जबकि आईसीसी का अपना आखिरी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। टीम इसके बाद कई बार एकदिवसीय विश्व कप और टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गयी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उथप्पा इन दिनों इंटरनेशनल लीग टी20 में दुबई कैपिटल्स को अपनी सेवाएं दे रहे है। उथप्पा ने पीटीआई-को दिये साक्षात्कार में कहा , '' मुझे लगता है कि खिलाड़ियों में टीम में अपनी जगह को लेकर सुरक्षा की भावना की कमी है। पिछ्ले काफी समय से टीम में लगातार बदलाव हो रहे है।

जब एक खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं करता तो वह हमेशा अपनी जगह बचाने की मानसिकता के साथ रहता है। इसके उलट जब वह जगह को लेकर आश्वस्त रहता है तो अपने प्रदर्शन पर बेहतर तरीके से ध्यान दे सकता है।'' भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम (2007) का हिस्सा रहे उथप्पा ने आईपीएल का उदाहरण देते हुए कहा, ''आप आईपीएल को ही देख लीजिये, ज्यादातर बार ऐसी टीमों ने खिताब जीते है जिसने अंतिम एकादश में कम बदलाव किये है। चेन्नई (सुपर किंग्स) और मुंबई (इंडियन्स) की सफलता भी इस बात पर मुहर लगाते है।'' आईपीएल खिताब को जीतने वाली टीमों का तीन बार हिस्सा रहे उथप्पा ने कहा, '' मुझे लगता है कि खिलाड़ियों में सुरक्षा की भावना देना जरूरी है।



पिछले कुछ समय से भारतीय टीम में जो हो रहा उससे खिलाड़ी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे और अहम मौकों पर उनका प्रदर्शन उभर कर नहीं आता। '' भारत लिए 46 एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले उथप्पा ने अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अगले मैच में खिलाड़ियों को टीम से बाहर करने की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, '' बांग्लादेश टेस्ट श्रृंखला में मैन ऑफ द मैच लेने के बाद कुलदीप को टीम से बाहर करने से बड़े स्तर पर एक अच्छा संदेश गया है। आप कुलदीप को एक बार समझा सकते है लेकिन टीम को क्या संदेश जाता है? इससे युवा खिलाड़ियों में एक गलत संदेश जाता है कि मैन ऑफ द मैच लेने के बाद भी टीम में आपकी जगह पक्की नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''टीम में अंदर क्या हो रहा मुझे इसकी जानकारी नहीं है लेकिन बाहर से मुझे ऐसा ही लगता है। यह जरूर है कि हमारे पास प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन टीम में जगह को लेकर उन्हें भरोसा होना चाहिये।'' विदेशी लीग में खेलने के लिए उथप्पा को भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेना पड़ा लेकिन उन्हें इसका कोई मलाल नहीं है। उन्होंने कहा, '' मैं छह महीने में पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने को लेकर रोमांचित हूं। यह अच्छा टूर्नामेंट है, दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी यहां खेल रहे है।'' उन्होंने कहा, ''यह (विदेशी लीग में खेलने के लिए भारतीय क्रिकेट से संन्यास) तो बीसीसीआई का नियम है , नियम हम नहीं बनाते लेकिन हमें पालन करना होता है।

मुझे एक फैसला करना था तो मैंने यही फैसला किया।'' उथप्पा ने इस लीग में अपने शुरुआती मुकाबले में 43 रन की शानदार पारी खेली थी। उनकी इस पारी से दुबई कैपिटल्स ने अबुधाबी नाइट राइडर्स को 73 रन के बड़े अंतर से हराया। उन्होंने अगले टी 20 विश्व कप (2024) की तैयारियों के लिए युवा खिलाड़ियों को कैरेबियाई प्रीमियर लीग जैसे टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा, '' बीसीसीआई विश्व क्रिकेट में इतनी अच्छी स्थिति में है कि वह अपनी जरूरत के हिसाब से भारतीय खिलाड़ियों को बाहर के लीगों में खेलने का मौका दे सकता है। '' उन्होंने कहा, '' अगला टी20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका में होगा, ऐसे में कम से कम से कमयुवा खिलाड़ियों को कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेलने का मौका दिया जा सकता है। जिससे उन्हें परिस्थितियों को परखने और दबाव की स्थिति से निपटने का कौशल आयेगा।

## भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जाएगी तीन वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज

**नईदिल्ली,16 जनवरी 2023।** भारत ने श्रीलंका को टी20 और वनडे सीरीज में हराकर क्लिन स्वीप किया है। इस सीरीज के बाद अब भारत और न्यूलजीलैंड के बीच तीन वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज का पूरा शेड्यूल भी सामने आ चुका है। साथ ही इस सीरीज के लिए भारतीय टीम और न्यूजीलैंड टीम की स्क्वॉड का ऐलान भी हो चुका है।




सबसे पहले भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज होगा, इस सीरीज का पहला मैच 18 जनवरी को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 21 जनवरी को रायपुर में होगा। तीसरा और आखिरी मैच 24 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी। जिसका पहला मैच 27 जनवरी को रांची में होगा, इसके बाद दूसरा मुकाबला 29 जनवरी को लखनऊ में होगा। तीसरा और आखिरी मैच एक फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इसके बाद टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच खेलेगी।

## ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से पहले फिटनेस साबित करने के लिये रणजी में वापसी को तैयार जडेजा

**नयी दिल्ली ,16 जनवरी 2023।** भारतीय आल राउंडर रविंद्र जडेजा 24 जनवरी से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ शुरू होने वाले सौराष्ट्र के रणजी ट्राफी फाइनल राउंड में वापसी के लिये तैयार हैं। वह घुटने (दायें पैर के) की सर्जरी कराने के लिये पिछ्ले साल सितंबर में एशिया कप से हट गये थे। जडेजा (34 वर्ष) इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उन्हें नौ फरवरी से नागपुर में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट के लिये 17 सदस्यीय टीम में चुना गया है।



हालांकि उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी और जडेजा के फिट होने पर फैसला चार दिवसीय रणजी ट्राफी मैच के दौरान ही लिये जाने की संभावना है। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) अध्यक्ष जयदेव शाह ने पीटीआई से कहा, ''अच्छा होगा, अगर वह सौराष्ट्र के लिये खेलता है। शायद वह खेलेगा, लेकिन मुझे इसके बारे में और जानकारी नहीं है। '' जडेजा ने 31 अगस्त को एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। इससे पहले उनका प्रथम श्रेणी मैच पिछ्ले साल जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन में एकमात्र टेस्ट मैच था।

रिपोर्ट के अनुसार जडेजा ने इस हफ्ते के शुरू में गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था क्योंकि वह एनसीए में अपना रिहैबिलिटेशन खत्म करने की ओर हैं। इस बायें हाथ के बल्लेबाज को भारतीय लाइन-अप में मध्यक्रम में पांचवें या छठे नंबर पर महत्वपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, विशेषकर ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में। साथ ही उनकी बायें हाथ की स्पिन भी चार मैचों की श्रृंखला में शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के साथ उपयोगी साबित हो सकती है। इस श्रृंखला से भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में फाइनल में लगातार दूसरी बार पहुंचना तय होगा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2016-17 श्रृंखला में जडेजा ने अहम भूमिका अदा की थी जिसमें उन्हें 25 विकेट चटकाने और 127 रन बनाने के लिये 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था जिससे भारत ने वापसी करते हुए 2-1 से यादगार जीत दर्ज की थी। जडेजा ने 2017 से 19 टेस्ट में 82 विकेट चटकाये हैं और बल्ले से 52.82 के औसत से 898 रन बनाये हैं जिसमें दो शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं।

## विश्व कप से पहले सिराज का फॉर्म भारत के लिये अच्छा संकेत

**तिरूवनंतपुरम ,16 जनवरी 2023।** सीनियर खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा का मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का शानदार फॉर्म इस साल के आखिरी में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले भारत के लिये अच्छा संकेत है । जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज पिछ्ले एक साल से वनडे में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं । कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरा और आखिरी वनडे जीतने के बाद कहा , मोहम्मद शमी तो हैं ही लेकिन जिस तरह से सिराज खेल रहे हैं और नयी गेंद से गेंदबाजी कर रहे हैं, वह शानदार है । उन्होंने कहा, उसने पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लिये हैं जो पहले एक मसला था । वह हमेशा बल्लेबाजों को सोचने पर मजबूर करता है । कप्तान रोहित शर्मा ने कहा , सिराज की गेंदबाज देखकर अच्छा लगा । वह अपार प्रतिभाशाली है और पिछ्ले कुछ साल से बहुत अच्छा खेल रहा है ।

भारत ने श्रीलंका को श्रृंखला में 3 . 0 से हराया । रोहित ने कहा , यह अच्छी श्रृंखला थी । हमने अच्छी गेंदबाजी की , विकेट लिये और बल्लेबाजों ने रन भी बनाये । भारत को अब बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और तीन टी20 खेलने हैं । रोहित ने कहा , हमें देखना होगा कि पिच कैसी है , उसी के हिसाब से टीम संयोजन तय होगा । न्यूजीलैंड टीम पाकिस्तान को हराकर लौट रही है तो उसे हराना आसान नहीं होगा । श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टीम के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा , यह निराशाजनक है । हमने ऐसे मैच की कल्पना नहीं की थी । हमें अच्छी शुरूआत करना सीखना होगा । गेंदबाजों को विकेट लेने होंगे और बल्लेबाजों को रन बनाने होंगे ।

## वायकॉम 18 ने महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार 951 करोड़ रूपये में खरीदे

**नयी दिल्ली ,16 जनवरी 2023।** बीसीसीआई ने सोमवार को घोषणा की कि वायकॉम 18 ने डिजनी स्टार और सोनी को पछाड़कर आगामी महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार पांच साल के लिये 951 करोड़ रूपये में खरीदे हैं। टी20 लीग के लिये नीलामी मुंबई में सोमवार को क्रिकेट बोर्ड के मुख्यालय पर आयोजित की गई। वैश्विक अधिकार तीन श्रेणी के हैं जिनमें टीवी, डिजिटल और मिश्रित अधिकार शामिल है। पुरूष आईपीएल में तीनों अधिकार अलग अलग बेचे गए। बीसीसीआई सचिव जय शाह के अनुसार अगले पांच साल में प्रति मैच सात करोड़ 90 हजार रूपये फीस होगी। उन्होंने ट्वीट किया ,'' वायकॉम 18 को महिला आईपीएल के मीडिया अधिकार मिलने पर बधाई। बीसीसीआई और महिला क्रिकेट में विश्वास करने के लिये धन्यवाद। वायकॉम ने 951 करोड़ रूपये में अधिकार खरीदे यानी प्रति मैच सात करोड़ 90 हजार रूपये अगले पांच साल तक।




यह महिला क्रिकेट के लिये बड़ी बात है।'' उन्होंने आगे लिखा ,'' समान मैच फीस के बाद महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिये बोली ऐतिहासिक है। यह भारत में महिला क्रिकेट सशक्तिकरण के लिये बड़ा और निर्णायक कदम है। नयी शुरूआत।'' पहला महिला आईपीएल मार्च के पहले सप्ताह में शुरू हो सकता है जिसमें पांच टीमें भाग लेंगी और सारे मैच मुंबई में खेले जायेंगे।

## रणवीर और जाह्नवी कपूर आ सकते हैं तेजाब के रीमेक में नजर




अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की लोकप्रिय फिल्म तेजाब को लेकर तरह-तरह की चर्चा होती रहती है। कबीर सिंह फेम प्रोड्यूसर मुराद खेतानी ने 2021 में फिल्म के राइट्स खरीदे थे। इसके बाद खबरें आई थीं कि फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए वह श्रद्धा कपूर और कार्तिक आर्यन को कास्ट करेंगे। अब चर्चा है कि फिल्म में रणवीर सिंह और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका निभा सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह जोड़ी पहली बार पर्दे पर दिखेगी।

फिल्म के लिए श्रद्धा कपूर और कार्तिक आर्यन निर्माताओं की पहली पसंद थे। हालांकि, उनके साथ किसी वजह से बात नहीं बन पाई। रिपोर्ट के अनुसार अब निर्माता उन्हीं भूमिकाओं के लिए रणवीर सिंह और जाह्नवी कपूर से बात कर रहे हैं। पहले उन्होंने इसके लिए रणवीर से बात की। इसके बाद फीमेल लीड के लिए उन्होंने श्रद्धा की जगह जाह्नवी को लेने का फैसला किया। हालांकि, कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

इस फिल्म को बनाने के लिए 2021 में प्रोड्यूसर मुराद ने इसके अधिकार खरीद लिए थे। कहा जा रहा है कि तेजाब की रीमेक की कहानी आधुनिक समय के हिसाब से होगी। इसमें लीड रोल के लिए निर्माताओं को नई जोड़ी की तलाश है। इस संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि माधुरी दीक्षित और अनिल फिल्म में होंगे या नहीं। रणवीर और जाह्नवी दोनों का बड़ा प्रशंसक वर्ग है। ऐसे में इनको पर्दे पर देखना दिलचस्प होगा।













## थाई हाई स्लिट ड्रेस में श्वेता तिवारी ने बिखेरा जलवा



एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपना ग्लैमरस लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस लुक में एक्ट्रेस गजब की बला लग रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की उम्र 40+ होने के बावजूद वो अपनी हॉटनेस से कहर बरपाए रहती हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर कहर बरपा रही हैं। गोल्डन कलर के थाई हाई स्लिट गाउन में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस ने सायनी मेकअप के साथ कर्ली हेयर स्टाइल कैरी कर रखा हैं। श्वेता तिवारी ने अपने इस आउटफिट के साथ रेड कलर के इयरिंग्स और ब्रेसलेट पहन रखे हैं। फैशन क्वीन श्वेता तिवारी के फैशन सेंस को कई फॉलोवर्स फॉलो करते हैं। साथ ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे के कई सीरियल्स और टीवी शोज में काम किया है। श्वेता तिवारी अपनी फिटनेस का खासा ध्यान रखती हैं। यही कारण है कि वो अपनी बेटी पलक से भी ज्यादा ग्लैमरस नजर आती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके फैन फॉलोइंग की बात करें तो एक्ट्रेस के 4.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

## मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय संसदीय समिति से कोल माईंस की खाली खदानों की जमीन

# राज्य सरकार को वापस कराने का किया आग्रह

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में डॉ. (प्रो.) किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर आए केन्द्रीय संसदीय समिति के सदस्यों से मुलाकात के दौरान उनसे कोल माईंस की खाली खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस कराने, बस्तर अंचल में सुगम यातायात की दृष्टि से रावघाट होते हुए जगदलपुर तक रेल लाईन विस्तार, वन क्षेत्रों में विकास कार्य कराने वन अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन और मुंबई-कोलकाता रूट की बंद ट्रेने पुनः प्रारंभ कराने का आग्रह किया। केन्द्रीय संसदीय समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री बघेल से आज उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। केन्द्रीय संसदीय समिति ने इस दौरान छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रवास के अपने अनुभवों को मुख्यमंत्री के साथ साझा किया और प्रवास विद्यालयों की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री बघेल ने सदस्यों को राजकीय गमछा और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के सचिव डी.डी. सिंह भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि केन्द्रीय संसदीय समिति छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर रायपुर आयी हुई है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों को छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य



की बेहतर सुविधा के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार का फोकस इस बात पर है कि योजनाओं से अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आए, उनकी आय बढ़े। मुख्यमंत्री ने संसदीय समिति से प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में कोल माईंस में उत्खनन के बाद खाली खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस कराने का आग्रह करते हुए कहा कि राज्य सरकार इन क्षेत्रों में वाटर बॉडी बनाकर टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विकास कार्य करना चाहती है। मुख्यमंत्री ने बस्तर क्षेत्र में लोगों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रावघाट-जगदलपुर तक रेल लाईन के विस्तार कराने का आग्रह किया। इसी तरह उन्होंने मुंबई-कोलकाता रेल रूट सहित विभिन्न रेल मार्गो में छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली ट्रेनों जिनका परिचालन बंद कर दिया गया था, उन्हें फिर से प्रारंभ कराने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय संसदीय समिति के सदस्यों को बताया कि छत्तीसगढ़ के लगभग 44 प्रतिशत भू-भाग पर वन हैं। इनमें अनुसूचित क्षेत्रों में सघन वन हैं, इस कारण यहां विभिन्न विकास कार्यो में दिक्कत आती है। बघेल ने इस संदर्भ में वन अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता बताते हुए वन अधिनियम के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन के लिए पहल का आग्रह समिति से किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान केन्दीय संसदीय समिति के जगन्नाथ सरकार, नीरज डांगी, डॉ. व्ही. शिवदासन, कामाख्या प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। डॉ. (प्रो.) किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय संसदीय दल की छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक होगी। इसके अलावा संसदीय दल विभिन्न संस्थानों के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति और जनजाति के प्रतिनिधित्व और उनके लिए किए जा रहे कल्याणकारी उपायों के संबंध में चर्चा करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बसंत मोटर्स एवेंजर्स और रॉबिनहुड गरीब बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लेंगे

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** टीम रायपुर एवेंजर्स, रॉबिनहुड आर्मी और बसंत मोटर्स रॉयल एनफिल्ड की पूरी टीम के द्वारा प्रत्येक डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, डीआरएम कार्यालय के सामने बच्चों को पढ़ाया जाता है।



इस दौरान टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर अस्थाई क्लासरूम की सफाई करते हुए दीवारों पर पेंटिंग और वॉल आर्ट भी बनाया। इसके साथ ही बसंत मोटर्स रॉयल एनफील्ड ने बच्चों को पेन, पेंसिल, ड्राइंग पेन वितरित किये। टीम इनोवेटिव इंजीनियरों द्वारा शुरू किया गया स्कूल का निर्माण कार्य यहाँ रहने वाले बच्चों के लिए बुनियादी शिक्षा प्रदान करेगा।

### सीधी भर्ती में अनियमितता, लेखापाल निलंबित




**बीजापुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत सीधी भर्ती में अनियमितता की जांच के बाद जांच समिति ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. प्रतिवेदन प्रस्तुत के आधार पर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बड़ी कार्रवाई की है.

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने ऑफिस बीजापुर में पदस्थ लेखापाल चैन सिंह ठाकुर को निलंबित कर दिया है. लेखापाल ने सिविल सेवा आचरण नियम के तहत घोर लापरवाही की है.

कलेक्टर के आदेश के मुताबिक निलंबन अवधि में लेखापाल का मुख्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल में निर्धारित किया गया है

## सभी वर्ग के लोगों के आय और समृद्धि के लिए काम कर रही है राज्य सरकारः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल देर शाम एक निजी होटल में आयोजित स्पीक आउट रिइमेजिंग छत्तीसगढ़ कार्यक्रम शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने परिचर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्धि के लिए हमने, हमारी सरकार ने हर वर्ग, व्यक्ति के आय मैं वृद्धि के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संस्कृति के क्षेत्र में अनेक कार्य हो रहे हैं। यही हमारी सरकार की प्राथमिक विकास मॉडल है



मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि लोगों की आय में वृद्धि ही हमारा उद्देश्य है। हमने व्यक्ति के विकास के साथ ही कुपोषण और अशिक्षा जैसे बड़ी समस्या को खत्म करने की दिशा में कार्य किया और आज 41 प्रतिशत 0 से 5 साल के बच्चे कुपोषण से मुक्त हो चुके है। इसी कड़ी में किसान, मजदूर, आदिवासी, युवाओं को आय के साधन प्रदान किए जा रहे हैं। किसानों का ऋष्ण माफ किया गया। इससे वह किसान जो खेती से दूर हो चुके थे अब फिर से कृषि कार्यों से जुड़ते जा रहे हैं। धान का समर्थन मूल्य के साथ-साथ इनपुट सब्सिडी के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाया। वहीं, अब 2640 से 2660 रुपए पर धान खरीदी हो रही है।

1.10 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य

वर्ष 2017 में पंजीकृत किसानों की संख्या 15 लाख थी, जो बढ़कर अब 24 लाख हो चुकी है। रकबा पहले 22 लाख हेक्टेयर था जो अब बढ़कर 32 लाख हेक्टेयर हो चुका है। इस खरीफ सीजन में अब तक प्रदेश में 97 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। वहीं, जनवरी तक 1.10 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रख गया है।

## 21 जनवरी को शराबबंदी समिति गुजरात दौरे पर होगी रवाना

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** शराबबंदी का अध्ययन करने के लिए जल्द ही शराबबंदी समिति गुजरात दौरे पर जायेगी। सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी गुजरात दौरा करने जायेगी। समिति के सदस्य के रूप में शामिल कांग्रेस के 7 विधायक भी गुजरात जायेंगे। 21 जनवरी को शराबबंदी समिति गुजरात दौरा पर रवाना होगी। इधर कमेटी के दौरे पर तंज कसते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि शराबबंदी के लिए दौरा वही करते हैं जहां पहले से शराबबंदी हैं। चार साल दो महीने निकाल दिए, आठ महीने और बचें हैं। आठ महीने टाइम पास करना है। टाइम पास करने के लिए गुजरात घूमों, तमिलनाडु घूमों, कश्मीर घूमों, जम्मू घूमों, पर्यटन करने का काम है। सरकार ने अपने घोषणा पत्र में शराबबंदी की बात कही थी, लेकिन राज्य सरकार का मानना है कि शराबबंदी को लेकर अचानक से फैसला लेना अहितकारी होगा।

## रायपुर में सार्वजनिक स्थान पर राइफल से की हवाई फायरिंग,आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** राजधानी के न्यू राजेंद्र नगर में बीच सड़क पर हवाई फायरिंग से इलाके में हड़कंप मच गया. घटना रविवार रात की है. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से रायफल, 26 नग जिंदा कारतूस और 2 नग खाली मैग्जीन बरामद किया गया है. आरोपी सरगुजा के खनिज विभाग में सुपरवाइजर है और मुलता अंबिकापुर का रहने वाला है.



राजधानी में गोली चलना आम बात होगी है। मिली जानकारी के अनुसार कल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गोविंद सारंग परिसर के सामने सार्वजनिक जगह पर हवाई फायरिंग किया है। आरोपी उमेश सिंह रात न्यू राजेंद्र इलाके में गोविंद सारंग परिसर किसी काम से गया हुआ था. इस दौरान आरोपी ने अपने पास रखी रायफल से हवाई फायर कर दी, जिसके बाद आस-पास के लोगों ने पुलिस में शिकायत की. पुलिस की प्रारंभिक जांच में जानकारी मिली कि रायफल का लाइसेंस कुछ महीने पहले खत्म हो गया था, फिर भी आरोपी रायफल और बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस लेकर घूम रहा था. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध के आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है.

## वॉइस ऑफ फिनाले में जूनियर में शाश्वत सिंह और सीनियर में पूर्वा श्रीवास्तव बने विजेता

**रायगढ़, 16 जनवरी 2023(ए)।** वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ के फिनाले में 31 सिंगर्स के बीच बेहद रोमांचक मुकाबले में शाश्वत सिंह ठाकुर जूनियर और सीनियर में पूर्वा श्रीवास्तव विनर चुने गए। तकरीबन 6 घंटे तक नगर निगम ऑडिटोरियम में चले सिंगिंग कॉम्पटीशन में प्रतिभागियों ने सुरीले अंदाज में एक से बढ़कर एक गीत पेश करते हुए कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

वी वॉइस छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सिंगिंग कॉम्पटीशन वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ का मुख्य उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाकर सम्मान करना है। यही वजह है कि इसके लिए राजधानी रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा और रायगढ़ में मेगा ऑडिशन हुआ। रायगढ़ में पांचवा मेगा ऑडिशन के बाद कुल 31 प्रतिभागियों का फायनल के लिए सलेक्शन हुआ। खास बात यह है कि गरीब प्रतिभागियों को कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश दिया गया है। वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ प्रोग्राम के ऑर्गनाइजर शेख अतहर हुसैन ने बताया कि सिंगिंग को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य में जिस तरह प्रतिभागियों ने गजब का उत्साह और जुनून दिखाया उससे लगने लगा है कि आने वाले समय में यहां की गायकी को नया आयाम जरूर मिलेगा।

14 जूनियर और 17 सीनियर प्रतिभागियों ने मचाया धमाल



वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ में वैसे तो प्रदेशभर के शताधिक प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया, मगर किस्मत ने सिर्फ 31 का ही साथ दिया। सुरों की महफिल से सजी इस प्रतियोगिता मंच में अपने सुरीली प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

रायगढ़ के मशहूर श्रीभवानी गुरु म्यूजिक बैंड ने गायकों का बखूबी साथ निभाया बाहर से आए हुए जजों ने इस म्यूजिक ग्रुप की काफी तारीफ की प्रदेश के नवोदित गायक की तलाश के लिए आयोजित, इस भव्य कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में 3 ऐसे सदस्यों को पूरे सम्मान के साथ जज बनाया गया था जो खुद आवाज की दुनिया के मशहूर शख्सियत हैं। छत्तीसगढ़ी गायक अनुराग शर्मा, वॉइस ऑफ इंडिया फेम जाकिर हुसैन और दुर्ग की डॉ. ज्योति शर्मा ने जूनियर तथा सीनियर कैटेगिरी के सिंगरों के परफॉर्मेंस को बेहद बारीकी से परखते हुए उनको मार्क्स दिए। दर्शकों से भरे ऑडिटोरियम हॉल में राज्यभर से आए सभी 31 प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रस्तुति से देर रात तक जो समा बांधा, उसे भुलाया नहीं जा सकता। शाम लगभग 3 बजे से देर रात 11 बजे तक चले दिलचस्प प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगिरी में प्रथम शाश्वत सिंह ठाकुर, द्वितीय कनक साहू और तृतीय भव्या देवांगन रहे। इसी तरह सीनियर वर्ग में फर्स्ट पूर्वा श्रीवास्तव, सेकेंड अकरम खान तथा थर्ड निखिलेश टिकदार रहे। आयोजन समिति ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच वॉइस ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम करने वाले विनरों को पुरस्कृत करते हुए उनका सम्मान बढ़ाया।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मांगा गूगल मैप के दस्तावेज

### चौपाटी मामले पर पूर्व मंत्री मूणत की याचिका पर सुनवाई

**बिलासपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित निर्माणाधीन चौपाटी मामले में सोमवार को पूर्व मंत्री मूणत की याचिका बिलासपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से गूगल मैप के दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले में शुक्रवार को अगली सुनवाई होगी। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से पेश की गई दलील में कहा गया कि याचिका में जिक्र किए गए स्थल पर



निर्माण कार्य नहीं हुआ है, जिसपर याचिकाकर्ता की ओर से आपत्ति की गई।

बता दें कि चौपाटी निर्माण के खिलाफ पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने एक जनहित याचिका दायर की है। याचिका में रायपुर मास्टर प्लान का उल्लंघन करने का जिक्र किया गया है। साथ ही बताया गया है कि निर्माणाधीन चौपाटी के पास एजुकेशन हब होने की बात की गई है। याचिका में कहा गया है कि चौपाटी निर्माण से असामाजिक तत्वों का यहां जमावड़ा हो सकता है, जिससे बच्चे परेशान होंगे।



## ठंड से नहीं मिलेगी राहत

### रायपुर सहित अधिकांश मध्य-उत्तर छत्तीसगढ़ में आज हो सकती है बारिश

**रायपुर, 16 जनवरी 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ ठंड के बीच एक बार फिर बारिश होने की संभावना है। रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 जनवरी के बाद राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही हवा की दिशा में भी बदलाव होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने फ़िलहाल तापमान में वृद्धि की संभावना जताई है।



## कांग्रेस की बड़ी बैठक 19 जनवरी को

### अरुण यादव भी होंगे शामिल

**रायपुर, 16 जनवरी 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस की एक बड़ी बैठक 19 जनवरी को राजीव भवन में होगी। इस बैठक में 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ों अभियान पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार इस अभियान की बैठक छग पर्यवेक्षक अरूण यादव लेंगे।

## लापरवाही की भेंट चढ़ा वकील

### डिवाइडर से टकराकर सड़क पर तड़पता रहा परिजनों के पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**दुर्ग, 16 जनवरी 2023 (ए)।** अधिकारियों की लापरवाही आम जनता के लिए आफत बन गई है। सही समय पर जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करने लोग जान देकर इसका खामियाजा भुगत रहे है। वहीं इसी लापरवाही के चलते एक युवा वकील आयुष मिश्रा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

आयुष नेहरू नगर ब्रिज से होकर अपने घर जा रहा था। ब्रिज की लाइटें खराब होने से वहां अंधेरा था। इससे उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। आयुष काफी देर तक वहीं अंधेरे में तड़पता रहा। जब तक परिजन वहां पहुंचे उसकी मौत हो चुकी थी।



सुपेला थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि रविवार रात आयुष मिश्रा पिता अनिल कुमार मिश्रा (25 साल) कान्हा पार्क विवेकानंद नगर कोहका का रहने वाला था। वह पेशे से वकील था। देर रात वह भिलाई टाउनशिप की तरफ से बाइक सीजी 09 ए 0497 से अपने घर कोहका जा रहा था। इसी दौरान नेहरू नगर ओवर ब्रिज के ऊपर वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। आयुष को काफी गहरी चोटें आई और वह बेहोश हो गया। उसने किसी तरह अपने घर में फोन लगाकर दुर्घटना की जानकारी दी। ब्रिज के ऊपर की लाइट खराब होने से वहां इतना अंधेरा था कि किसी ने भी आयुष को घायल हालत में नहीं देखा और जब तक पुलिस और घर वाले वहां पहुंचे आयुष की मौत हो गई थी। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## छत्तीसगढ़ की बहू बनी फिरंगी दुल्हन

### फिलीपींस की जैझल ने भावेश से रचाई शादी

**राजनांदगांव, 16 जनवरी 2023 (ए)।** पानी जहाज के सफर में मिले 2 देशों के लोग जीवन के सफर में हमसफर हो गए। दोनों एक दूसरे के करीब हो और दिल में मोहब्बत हो तो देशों कि दूरियां भी खत्म हो जाती है कुछ ऐसे ही मोहब्बत का उदाहरण राजनांदगांव शहर में देखने को मिला। जब एक विदेशी दुल्हन ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले पहुंचकर विवाह रचाया।



राजनांदगांव शहर के ममता नगर क्षेत्र में हुआ विवाह लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। शनिवार की रात यहां बारात निकली और विदेश से पहुंची दुल्हन की भारती परंपराओं के अनुरूप शादी संपन्न हुई। शहर के ममता नगर में रहने वाले भावेश गायकवाड़ और फिलीपींस की जैझल की शादी बड़े धूमधाम से हुई। इस खास शादी के साक्षी बनने सैकड़ों लोग शामिल हुए। विदेशी युवती से गठबंधन जोड़ने को लेकर भावेश गायकवाड़ ने बताया कि तुर्की में मर्चेंट नेवी की ट्रेनिंग के बाद उसे कतर में कैप्टन का जॉब मिला था। कतर में ही उसकी मुलाकात क्रू मेंबर जैझल से हुई। धीरे-धीरे यह मुलाकात मोहब्बत में बदल दी गई और 5 साल का वक्त उन्होंने अपने प्रेम में बिताया। उसके बाद दोनों ने कतर छोड़ने के फैसले के साथ शादी करने का इरादा कर लिया और राजनांदगांव पहुंचकर दोनों ने शादी रचा ली। भावेश ने कहा कि इस विवाह के लिए दोनों के ही परिवार का पूरा सहयोग मिला।

सात समंदर पार आकर भारत में शादी रचाने से जैझल भी काफी खुश है और इसमें उनका परिवार भी उनके साथ हैं। भारतीय सभ्यता को समझते हुए जैझल के परिवार ने यहां अपनी बिटिया की शादी कराने के लिए हामी भरी और सपरिवार वे राजनांदगांव पहुंचकर इस विवाह में शामिल भी हुए। इस शादी को लेकर दुल्हन बनी जैझल ने कहा कि भारत के लोग काफी बेहतर है और भारत एक अच्छा देश है, यहां शादी करना काफी अलग और सुखद अनुभव वाला।

विदेशी दुल्हन और भारतीय दूल्हे के इस अनोखे विवाह की चर्चा आज शहर में हो रही है। इस विवाह ने यह बता दिया कि देशों के दूरियां प्रेम के रास्ते में बहुत छोटी है।




## संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा,

### मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर, 16 जनवरी 2023 (ए)।** संविदा कर्मचारियों ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपनी मांगों को लेकर राजधानी में आवाज बुलंद की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 26 जनवरी को संविदा कर्मचारियों के बारे में यदि सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो 30 जनवरी से 54 विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाएंगे।प्रदेश के सभी जिलो में शासकीय विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारी 16 से 20 जनवरी तक छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सामूहिक हड़ताल पर रहेंगे। आज प्रदर्शन का पहला दिन था. इसकी सूचना और ज्ञापन अपने विभाग और जिला प्रशासन को कर्मचारियों ने दे दी थी।

जानकारी देते हुए सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के चंद्रभूषण पटेल ने बताया कि, वर्तमान कांग्रेस सरकार बनने के पहले अनियमित कर्मचारियों के मंच में आकर कांग्रेस के नेताओं ने सरकार बनने पर 10 दिन में संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। लेकिन चार साल बाद भी ये मांगें पूरी नहीं हुई है. साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 14 फरवरी 2019 को अनियमित कर्मचारियों के मंच में आकर कहा था इस साल किसान का किए हैं। अगले साल अनियमित कर्मचारियों की मांग पूरा करेंगे, लेकिन वो साल अभी तक नहीं आया है।

आगे उन्होंने कहा, संविदा कर्मचारियों के मानदेय में भी 4 साल से वृद्धि नहीं हुई है। इस कारण प्रदेश के संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश है, जबकि कई राज्यों में संविदा कर्मचारियों के भविष्य को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिए जा रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)